● जयपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 133 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी विधिसम्मत प्रभावी कार्रवाई...

पेज @4 छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव पर सर्व समाज की चर्चा बैठक का समापन...

पेज @8 किसानों की चेतावनी के बाद प्रशासन पहुंचा ग्राउंड पर: कंपनी प्रतिनिधियों...

# अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करना बेहद जरूरी : राजनाथ

■ **रक्षा मंत्री ने आर्मी वॉर कॉलेज में अधिकारियों को किया संबोधित**

■ **कहा, युद्ध के गैर परंपरागत तरीके कर रहे हैं बड़ी चुनौती पेश**

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिह ने कहा है कि तेजी से बदलती परिस्थितियों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करना बेहद जरूरी है और सैन्य प्रशिक्षण केन्द्र सैनिकों को इससे लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहे हैं। श्री सिंह ने मध्य प्रदेश के महू में आर्मी वॉर कॉलेज में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, "आज के लगातार विकसित होते समय में प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है और सैन्य प्रशिक्षण केंद्र हमारे सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सुसज्जित और तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।"

युद्ध के तरीकों में आ रहे आमूलचूल परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सूचना युद्ध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित युद्ध, छद्म युद्ध, विद्युत-चुंबकीय युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे गैर परंपरागत तरीके आज के समय में बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महू प्रशिक्षण केन्द्र इन प्रयासों में बहुमूल्य योगदान दे रहा है। उन्होंने बदलते समय के साथ प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए लड़ने के लिए तैयार करने के लिए केंद्रों की सराहना की।

श्री सिह ने सरकार के 2047 तक देश को विकसित बनाने के विजन पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान दौर को संक्रमण काल बताया। उन्होंने कहा कि भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और



तेजी से विनिर्माण हब के रूप में उभर रहा है। सैन्य दृष्टि से हम आधुनिक हथियारों से लैस हो रहे हैं। हम अन्य देशों को भी भारत में निर्मित उपकरण निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा , "रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, आज 21,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है।" रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के सरकार के संकल्प को दोहराया और विश्वास जताया कि आने वाले समय में सशस्त्र बल एक साथ मिलकर बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे।

उन्होंने कहा कि महू छावनी में सभी विंग के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों से इन्फैंट्री स्कूल में हथियार प्रशिक्षण, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में एआई और संचार प्रौद्योगिकी तथा एडब्ल्यूसी में जूनियर और सीनियर कमांड में नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण के माध्यम से एकीकरण को बढ़ावा देने की संभावना तलाशने का आग्रह किया। श्री सिह ने कहा कि भविष्य में कुछ अधिकारी रक्षा अताशे के रूप में काम करेंगे और उन्हें वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, "जब आप रक्षा अताशे का पद संभालेंगे, तो आपको सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को आत्मसात करना चाहिए। आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर सकता है और विश्व मंच पर अधिक सम्मान प्राप्त कर सकता है। "रक्षा मंत्री ने भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**न्यूज़ अपडेट**

## दिल्ली के इमामों का केजरीवाल को अल्टीमेटम

● **साजिद रशीदी ने कहा- वेतन नहीं मिला तो धरने पर बैठ जाएंगे**

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में पिछले 17 महीनों से इमामों को वेतन नहीं मिलने का मामला गंभीर होता जा रहा है. इस विषय को लेकर दिल्ली वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आने वाली मस्जिदों के इमामों ने अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर धरना देने की बात कही है. इमामों का कहना है कि वे पहले भी अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मिलने का समय नहीं दिया गया.

इमामों ने कहा कि हमें सिर्फ मिलने का समय दे दीजिए. हम चाहते हैं कि हमारी तनख्वाह हमें वक्त पर मिलने लगे. अगर हमारी तनख्वाह नहीं मिलती है, तो हम यहीं पर धरने पर बैठ जाएंगे. इससे पहले इमामों ने गुरुवार और फिर शनिवार को भी अरविंद केजरीवाल मिलने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा था.

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जयपुर संभाग के विधायकों के साथ बैठक

## गुड गवर्नेंस के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध, आमजन से जुड़े मुद्दों पर विधायक लें तुरंत एक्शन, संसाधनों की कोई कमी नहीं: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर, 30 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेशवासियों को गुड गवर्नेंस देने के लिये संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विधायकगण जनता से जुड़े मुद्दों पर तुरंत एक्शन लेते हुए उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य करें। साथ ही, जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए बजटीय घोषणाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। श्री शर्मा ने कहा कि आमजन से जुड़े विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है।शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर संभाग के विधायकों के साथ बजट वर्ष 2024-25 में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पूरी निष्पक्षता के साथ सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में जनता और जनप्रतिनिधियों की मांग अनुरूप बजट घोषणाएं की और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। विधायक जिला कलक्टर से संवाद कर इन सभी छोटे-बड़े कार्यों की क्रियान्विति सुनिश्चित करें।





● **8 करोड़ के परिवार के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस वर्ष जुलाई में प्रस्तुत बजट 2024-25 में विधायकों ने जितना मांगा, उससे ज्यादा दिया। हमारी सरकार आगामी बजट में भी विधायक सहित जनप्रतिनिधियों की मंशा अनुरूप घोषणाएं करते हुए उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश की आठ करोड़ जनता के उत्थान और कल्याण के लिए समर्पित होकर सेवाभाव से निरंतर कार्य कर रहे हैं।

● **जनसेवा के लिए मंत्री-विधायक रहें तत्पर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन से जनसेवा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विधायकों द्वारा प्रेषित सभी विषयों पर मंत्रीगण तत्परता से कार्य करें। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से ही हम 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की परिकल्पना को पूर्ण रूप से साकार कर सकेंगे।

● **वन क्षेत्र में रास्तों के प्रकरणों का होगा समुचित समाधान**

शर्मा ने विधायकों द्वारा दिए गए सुझावों पर संज्ञान लेते हुए वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा को वन क्षेत्र में रास्तों के प्रकरणों पर अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों का समुचित परीक्षण कर वन विभाग द्वारा समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं, जिन प्रकरणों में आवश्यकता है उन्हें मार्गदर्शन के लिए केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को प्रेषित किया जाएगा।

● **अनुपयोगी सामानों से जरूरतमंद का जीवन सुधारें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों की शुरूआत की गई है। इन केन्द्रों के माध्यम से कोई भी अनुपयोगी सामान जरूरतमंदों को उपलब्ध करा सकता है जिससे उनके जीवन में सुधार आएगा। उन्होंने विधायकों से आग्रह किया कि वे इस जनसेवा के कार्य में आगे आकर आमजन को प्रोत्साहित करें।

● **इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों का शीघ्र होगा संचालन**

शर्मा ने कहा कि प्रदूषण मुक्त सुगम यातायात के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी बसों के संचालन की कार्ययोजना को जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप वोकल फोर लोकल को प्रोत्साहित करते हुए हमने पंच गौरव कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत एक जिला-एक उपज, एक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल और एक खेल का चिन्हीकरण कर जिले की विशेषताओं को नई पहचान दी जा रही है। उन्होंने विधायकों को पंच गौरव कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

● **निवेश प्रस्तावों का क्रियान्वयन सामूहिक जिम्मेदारी**

मुख्यमंत्री ने कहा ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए निवेश प्रस्ताव का क्रियान्वयन सामूहिक जिम्मेदारी है। विधायक अपने जिला कलक्टर से निरंतर संवाद स्थापित करते हुए छोटे-बड़े सभी निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए संकल्पित होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक माह इन सभी प्रस्तावों के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा कर रहे हैं। निवेश की राशि को श्रेणियों में विभक्त कर जिला कलेक्टर से लेकर मुख्य सचिव तक के स्तर तक अनवरत समीक्षा भी जारी है।

### राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन अनुकरणीय पहल

» केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक वर्ष में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर एक मिसाल कायम की है। सरकार गठन के एक वर्ष के भीतर ही राइजिंग राजस्थान जैसी अनुकरणीय पहल कर कई राज्यों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। बैठक में जयपुर संभाग की बजट घोषणाओं की वित्तीय स्वीकृति, जमीन आवंटन और प्रगतिरत कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। विधायकों ने जिलों के पुनर्गठन के निर्णय पर मुख्यमंत्री को बधाई दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा सहित जयपुर संभाग से आने वाले विधायकगण उपस्थित रहे।

## घने कोहरे की ओट में छिपे कई शहर

**नईदिल्ली/एजेंसी।** पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण ठंड की चपेट में है। सर्द हवाएं कंपकंपी छुड़ा रही है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में 3-5 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।भारतीय मौसम विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने आज कई राज्यों में बादल छाए रहने के साथ घना कोहरा छाने की संभावना जताई है।दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की है।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में रविवार को बर्फबारी और बारिश से थोड़ी राहत मिली। कश्मीर घाटी में अभी भी तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है।मौसम ठीक होने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा नवयुग सुरंग पर यातायात बहाल कर दिया गया। साथ ही श्रीनगर में विमान और रेल सेवा शुरू हो गई।उत्तराखंड में सड×कों पर बर्फ की मोटी चादर बिछी होने से 8 मार्ग अवरुद्ध हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में 3 राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हैं।

उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे कई शहरों का तापमान 3-4 डिग्री तक गिर सकता है, जिससे शीतलहर की स्थिति बन सकती है।राजस्थान के कई जिलों में आज शीतलहर और कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।पंजाब में रविवार को हल्की बारिश होने से 6 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने बिहार में भीषण शीतलहर की चेतावनी जारी की है।

दिल्ली में पिछले 3 दिनों से धूप नहीं निकल रही है, जिससे तापमान में लगातार गिरावट से लोग दिनभर ठिठुरन महसूस कर रहे हैं।रविवार को थोड़ी देर के लिए धूप निकलने के बावजूद लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिली। आईएमडी के अनुसार, सोमवार को अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा छाया रहेगा। इस दौरान आसमान साफ रहने के साथ अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम 9 डिग्री रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में यहां तापमान 3-4 डिग्री गिरेगा।

## भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर अत्याचार का प्रतीक

● **बीपीएससी आंदोलन पर प्रियंका गांधी ने कहा**

**नई दिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को पटना में छात्रों को कथित रूप से प्रताड़ित करने के लिए बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की आलोचना की।

बीते रविवार को पटना पुलिस ने 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और उन पर पानी की बौछार की।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

बता दें कि व्यापक अनियमितताओं के आरोपों को लेकर परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने गांधी मैदान के पास धरना दिया तथा पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद सड×क खाली करने से इनकार कर दिया। जैसे ही प्रदर्शन तेज हुआ, पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पहले पानी की बौछार की।

# बीत रहे साल के अंतिम दिनों में एक दुखद विमान दुर्घटना

बीत रहा साल 2024 एक बड़ा विमान हादसे का सबब दे गया। साउथ कोरिया में रविवार को हुए विमान हादसे के बाद हवाई यात्रा सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। ऐसे में यह आशंका भी स्वाभाविक है कि लोग जिस विमान में सवार हैं, वह सही सलामत पहुंचेगा या नहीं! इसका कारण है कि पिछले कुछ समय से लगातार दुर्घटना हो रही है। ताजा दुर्घटना में दक्षिण कोरिया में एक हवाई अड्डे पर रविवार को उतरते समय यात्री विमान में आग लग गई। इस घटना में 176 लोगों की मौत हो गई। इनमें 83 महिलाएं और 82 पुरुष शामिल हैं। हालांकि 11 अन्य लोगों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी। विमान में कुल 181 यात्री सवार थे।

जानकारी के मुताबिक यह देश में अब तक हुए सबसे भीषण विमान हादसों में से एक है। विमान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 जेट था, जो बैंकॉक से लौट रहा था। जेजू एयर का विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया और मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बाड़ की दीवार से टकरा गया। बैंकॉक से लौट रहे इस विमान में चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल 181 लोग सवार थे। संदेह है कि लैंडिंग गियर में खराबी शायद एक पक्षी के टकराने की वजह से हुई है. जो दुर्घटना का कारण बन सकती है। बता दें कि इससे पहले शनिवार देर रात को हैलिफैक्स एयरपोर्ट पर एयर कनाडा के एक विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। पीएएल एयरलाइंस की फ्लाइट एसी 2259 शनिवार रात क्रैश होने से बाल-बाल बची। हालांकि अच्छी बात यह रही कि फ्लाइट में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक विमान में आई तकनीबी खराबी के कारण विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद फ्लाइट में आग लग गई। लैंडिंग में थोड़ी सी भी देरी किसी बड़े हादसे की वजह बन सकती थी। इससे पहले नॉर्वे के ओस्लो टॉप सैंडफियोर्ड एयरपोर्ट पर शनिवार देर रात को केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस का विमान इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान फिसल गया।

ओस्लो एयरपोर्ट से एम्स्टर्डम की ओर जा रहा बोइंग 737-800 विमान के हाइड्रोजन सिस्टम में खराबी आ गई थी। इसके बाद विमान को ओस्लो से 110 किमी दक्षिण संडफियोर्ड एयरपोर्ट पर उतारने का फैसला किया गया। सुरक्षित लैंडिंग के बावजूद विमान रनवे से फिसल गया और पास के घास वाले क्षेत्र में जाकर रुका। बड़ा हादसा होते-होते बचा। इस विमान में बाल-बाल 182 लोगों की जान बची। जिस दौर में निजी विमान कंपनियों के अलावा सभी देशों की सरकारों के द्वारा हवाई यात्रा को सबके लिए सुलभ बनाने का दावा किया जा रहा है, उस दौर में लगातार हो रही दुर्घटनाएं बड़ा सवाल खड़ा करती है। इस महीने दुनिया भर में कुल 6 विमान हादसे हुए हैं, जिनमें 234 लोगों की मौत हो गई है। ये आंकड़े वाकई डराने वाले हैं। इससे पहले कजाखस्तान में अकताऊ शहर के निकट अजरबैजान एयरलाइन्स का एक विमान बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे 38 लोगों की मौत हो गई। विमान ने अजरबैजान की राजधानी वाकू से रूस के शहर ग्रॉजी के लिए उड़ान भरी थी। अजरबैजान एयरलाइन्स के अनुसार विमान में सवार 42 यात्री अजरबैजान के नागरिक थे। इसके अलावा इसमें 16 रूसी नागरिक, कजाखस्तान के छह और किर्गिस्तान के 3 नागरिक भी थे। मोबाइल फोन से बनाई गई वीडियो में विमान को तेजी से जमीन पर गिरते और उसमें आग लगते देखा जा सकता है। एक अन्य फुटेज में विमान का पिछला हिस्सा पंखों से अलग होते हुए और बाकी हिस्सा घास में उल्टा पड़ा हुआ दिखा। इसी महीने ब्राजील के दक्षिणी शहर ग्रामाडो के शहरी केंद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 10 लोगों की मौत हो गई। 17 से अधिक लोग घायल हुए थे। यह दुर्घटना विमान के उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद हुई। विमान एक इमारत की चिमनी से टकराया, फिर एक आवास से और अंत में फर्नीचर की दुकान से जा टकराया। अधिकतर लोग दुर्घटना के दौरान लगी आग से निकलने वाले धुएं के कारण बीमार हो गए। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। न्यू गिनी में नॉर्थ कोस्ट एविएशन की ओर से संचालित वीएन 2 बी-26 आइलैंडर 22 दिसंबर को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई।

यह विमान वासु एयरपोर्ट से लाए-नदजव हवाईअड्डे के लिए चार्टर उड़ान पर था। वहीं, अर्जेंटीना में सैन फर्नांडो एयरपोर्ट के पास बॉम्बार्डियर बीडी-100-ए 110 चैलेंजर 300 दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हादसे में दोनों पायलट मारे गए। यह विमान पुंटा डेल एस्टे हवाई अड्डे से सैन फनांडो एयरपोर्ट के लिए उड़ान पर था, जो रनवे से आगे निकल गया और बाड़ व पेड़ से टकरा गया। इस टकर से उसमें आग लग गई। इसके अलावा 17 दिसंबर को 208बी ग्रैंड कारवां हवाई के होनोलूलू में इनौवे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दोनों पायलटों की मौत हो गई थी। विमान हादसों के कई कारण होते हैं, जिसमें पक्षियों से टकराना भी एक मुख्य कारण है। कुछ वर्षों में हवाई यात्रा को सुरक्षित बनाने को कई कदम उठाए गये हैं। आम लोग विमान से यात्रा इसलिए करते हैं, क्योंकि इसमें सबसे कम समय लगने के साथ ही सबसे सुरक्षित भी माना जाता है। लेकिन जिस प्रकार से लगातार विमान हादसे हो रहे हैं, वे दुःखद होने के साथ ही चिंतनीय भी है। जहां तक भारत का सवाल है, यहां विमान यात्रा कितना सुरक्षित है, यह किसी से छिपा नहीं है। उड़ान के दौरान इंजन खराब होने, रनवे पर टायर फटने, विमान के फिसल जाने, उतरते वक्त पहिए नहीं खुलने और इसी तरह की अन्य घटनाएं आम हो गई हैं, जिनसे सैकड़ों लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। जाहिर है, ऐसे हादसे विमानों की तकनीकी गड़बड़ी से ही होते हैं। जरूरत इस बात की है कि हवाई यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए कदम उठा जाए। यह बात सर्वविदित है कि जब भी कोई बड़ा विमान हादसा होता है, तो इसमें यात्रियों की वचने की संभावना काफी कम होती है। दक्षिण कोरिया के मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुआ हादसा इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऐसे में जरूरत है कि विमानन कंपनियां हवाई यात्रा को और सुरक्षित बनाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करें। लगातार बढ़ते विमान हादसों से हवाई यात्रियों के डर और भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है।

# यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनाएं



डॉ. आरके सिन्हा

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र , हर तरह के खान- पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पढ़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है , जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं । 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर



ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। अब मेक इन इंडिया के बारे में तो विश्व भर में सब जानते ही हैं। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक, भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम और कम लागत वाली पारंपरिक अन्नों पर जोर देकर मोदी सरकार ने छोटे किसानों के लिए दूरगामी योजना तैयार की है । यह अबतक का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमारी सभी पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान सिंचित भूमि की कृषि पर ही रहा है , जो पिछले 75 वर्षों में और लाखों करोड़ रुपये का व्यय करने और बाँधो और परियोजनाओं के निर्माण में लाखों एकड़ भूमि बर्बाद करने के बाद भी हम मुश्किल से। 30-35 प्रतिशत भूमि ही सिंचित कर पाए है । प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए बरसात पर निर्भर पारंपरिक अन्नों, दलहन और तिलहन की खेती करने वाले छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों की चिंता हमने की ही कहाँ? अब आशा करनी चाहिए कि सतत अनुसंधानों और पारंपरिक फसलों के उत्पादन पर सरकार का ध्यान जाने से किसानों को लाभ होगा। साथ ही मिलेट्स का निर्यात बढ़ेगा और उपभोक्ताओ के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा । 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है। शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक, नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। ऑनलाइन शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ और किफायती होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत 2025 तक एक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति से देश के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, सरकार को अभी भी गरीबी, असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी कई समस्याओं का समाधान करना बाकी है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं। )**

# सत्य ही ईश्वर है और प्रेम, करुणा, भक्ति का मार्ग भी



विनय कुमार तिवारी




मनुष्य का जीवन आध्यात्मिक यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा है, जिसका सर्वोत्तम उद्देश्य आत्मज्ञान प्राप्त करना और ईश्वर का साक्षात्कार है। इस यात्रा की शुरुआत तब होती है जब व्यक्ति सत्य को धारण करता है। सत्य का अर्थ केवल बाहरी जगत की वास्तविकता से नहीं है, बल्कि यह आंतरिक सत्य से जुड़ा हुआ है, जो आत्मा और ईश्वर के बीच की गहरी संबंध को व्यक्त करता है। शास्त्रों में कहा गया है कि सत्य हीं ईश्वर है, और जब मनुष्य इस सत्य को समझता और स्वीकार करता है, तब वह ईश्वर के अस्तित्व का साक्षात्कार करता है और अपने जीवन में एक नए आयाम की शुरुआत करता है। सत्य का पालन करने से मनुष्य के भीतर एक गहरी शांति और संतुलन का अनुभव होता है। यह शांति केवल बाहरी जगत से नहीं, बल्कि व्यक्ति के आंतरिक अस्तित्व से निकलती है। सत्य को जानने के बाद, व्यक्ति जीवन को एक नए दृष्टिकोण से देखता है और अपने आंतरिक स्वभाव को समझता है। यही समझ उसे प्रेम और करुणा की भावना से भर देती है। जब व्यक्ति सत्य को जानता है, तो उसे यह समझ में आता है कि जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति नहीं है, बल्कि यह दूसरों के लिए प्रेम, सहानुभूति और करुणा का प्रसार करना है। प्रेम और करुणा का यह रूप केवल मानवता के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्राणियों के लिए होता है। सत्य के पथ पर चलते हुए व्यक्ति दूसरों के दुःख और कष्टों को महसूस करता है और उनके समाधान के लिए प्रयास करता है। उसकी सोच में कोई भेदभाव नहीं होता और वह सभी जीवों के प्रति एक समान प्रेम और सहानुभूति का भाव रखता है। यही वह अवस्था है, जब व्यक्ति अपनी आत्मा में भगवान की उपस्थिति को महसूस करता है और अपने जीवन को उनके चरणों में समर्पित कर देता है। भक्ति, जो कि ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण और विश्वास का रूप है, सत्य के मार्ग पर चलने से अपने आप प्रकट हो जाती है। भक्ति का यह स्वरूप न तो बाहरी आचार-व्यवहार से जुड़ा होता है और न ही किसी भौतिक प्राप्ति से। यह केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा का परिणाम होती है। सत्य से प्रेम और करुणा का अनुभव करने के बाद व्यक्ति अपने हृदय में भगवान के प्रति भक्ति का अति गहरा भाव उत्पन्न करता है और यही भाव उसे ईश्वर के निकटता का अनुभव कराता है। सच्चिदानंद की प्राप्ति का अर्थ है सत्य, ज्ञान और आनंद का अद्भुत संगम। जब व्यक्ति सत्य का अनुसरण करता है, तब उसे न केवल आत्मिक शांति का अनुभव होता है, बल्कि वह जीवन के सभी भौतिक और मानसिक कष्टों से मुक्त हो जाता है।

सच्चिदानंद की स्थिति वह होती है, जब व्यक्ति को न केवल आत्मा की शांति और शुद्धता का अनुभव होता है, बल्कि वह भगवान की उपस्थिति को हर परिस्थिति में महसूस करता है। सत्य का अनुसरण करना केवल बौद्धिक स्तर पर नहीं, बल्कि आंतरिक स्तर पर आत्मा के शुद्धिकरण की प्रक्रिया है। सत्य की प्राप्ति से न केवल व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है, बल्कि वह अपने भीतर की गहराई और ब्रह्म के साथ अपने संबंध को समझता है। यही सच्चिदानंद की प्राप्ति का वास्तविक रूप है। इस प्रकार, सत्य, प्रेम, करुणा और भक्ति का एक गहरा संबंध है। जब व्यक्ति सत्य को अपने जीवन में धारण करता है, तब वह न केवल अपने आत्मा को शुद्ध करता है, बल्कि संसार के प्रत्येक प्राणी के साथ एकात्मता का अनुभव करता है। यही जीवन का वास्तविक अर्थ है और यही परम उद्देश्य है।

# कांग्रेस पर भारी पड़ेगी मनमोहन सिंह के स्मारक पर ओछी राजनीति

विकास सक्सेना

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की आयु में दुखद निधन हो गया। सामान्यतः ऐसे समय में परिजनों और नजदीकी लोगों की प्राथमिकता होती है कि मृतक को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी जाए। इस सामान्य शिष्टाचार और नैतिकता को दरकिनार कर कांग्रेस और उसके कई सहयोगी दलों ने मनमोहन सिह के स्मारक को लेकर राजनीति शुरू कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र का जवाब देते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाया जाएगा। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता सरकार पर डॉ. मनमोहन सिंह के अपमान के आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो सोशल मीडिया पर इसे सिखों के अपमान से जोड़ दिया। इस तरह एक बार फिर स्तरहीन राजनीति करके कांग्रेस ने कई पुरानी घटनाओं की याद ताजा कर दी है। अगर सियासी नजरिए से देखा जाए तो इसका भी कांग्रेस को कोई लाभ अपेक्षा नुकसान होने की संभावना ज्यादा दिख रही है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं में शोक से ज्यादा आक्रामकता का भाव दिखाई दे रहा है। उनके निधन के तुरन्त बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यमुना के किनारे जगह देने और उनका समाधि स्थल बनाने के मांग की थी। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष को बता दिया था कि वे चाहते हैं कि डॉ. मनमोहन सिंह जी का स्मारक बनाया जाए लेकिन इसके लिए भूमि के आवंटन और ट्रस्ट बनाने आदि की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। इसलिए पहले उनका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर दिया जाए। मल्लिकार्जुन खड़गे उनकी बात से सहमत हो गए इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार पर आरोप लगाने का कोई भी अवसर न छोड़ने की जिद ठाने बैठे नेता इस दुखद घटना का राजनैतिक लाभ उठाने के प्रयास में जुट गए। ऐसा लगता है कि हमारे देश के कुछ नेता प्राकृतिक आपदा, आतंकी हमला, महिलाओं से बलात्कार और यहां तक कि अपने नेता के निधन को भी राजनैतिक अवसर के तौर पर देखने लगे हैं। यह जानते हुए भी कि जगह की कमी को देखते हुए दिवंगत राष्ट्रीय नेताओं के अलग-अलग स्मारक बनाने पर मनमोहन सिंह की सरकार ने ही रोक रोक लगाई थी, इस पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं।

# नववर्ष है भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर



ललित गर्ग

नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है-नववर्ष। ह्लआजह्ल, ह्यअभीह्ल, ह्यइसी क्षणह्ल को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये।

नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है-ह्यपूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते ह्ल पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, ह्यमैंने आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना ह्ल नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी-सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि ह्यअभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है ह्ल मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है।

जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में संकल्प एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर बार संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निमार्ता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई-चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है।

दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे-जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं-असफलताओं, हर्ष-विषाद, सुख-दुख, उन्नति-अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे से जीवन को धुंधलाना नहीं हैं, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है।आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नही, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होने है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन-दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं-पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा-दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं-कहीं भटक जाते हैं और जब-जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक-एक क्षण जीना है-अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये।नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं-न-कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है। ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुके, सोचे, हौसल्लों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरूआत करें। जान ले कि आप अकेले नहीं है और वह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है। जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि वे हमारे विकास को रोकें। यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं, ताकि और अधिक समझदारी से जीवन में आगे बढ़ सकें और जीत को गले लगा सके। प्रयास यही रहे कि हमारे विकास में यह रुकावट न डाल पाए। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहने एवं नये वर्ष का स्वागत करने की यह चौखट कल्पना, ईमानदारी और आत्ममंथन की मांग करती है, जिससे हम अपने जीवन के फैसलों को और अधिक सटीक और तर्कसंगत बना सकते हैं। नए साल की शुरूआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी विधिसम्मत प्रभावी कार्रवाई

## ग्यारह बीघा भूमि पर दो नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त





चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 30 दिसम्बर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-8 में निजी खातेदारी की करीब 02बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त एवं जोन-6 में निजी खातेदारी की करीब 09 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-08 के क्षेत्राधिकार सांगानेर में अवस्थित कूतरो की ढ़ाणी, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।जेडीए द्वारा जोन-06 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नांगल जैसा बौहरा, जिला जयपुर में करीब 09 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-06 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन प्रथम, तृतीय एवं चतुर्थ प्रवर्तन अधिकारी जोन 08, 06 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2024 से आज तक कुल 109 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रसिद्ध रंगकर्मी प्रो.एमएल गोयल सर्वसम्मति से विकल्प संस्था के अध्यक्ष पद पर हुए निर्वाचित

- मीरा नृत्य नाटक' सहित 20 से अधिक नाटकों का निर्देशन किया



**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 30 दिसंबर।** सुप्रसिद्ध रंगकर्मी प्रोफ़ेसर मोहनलाल गोयल को विकल्प नाट्य संस्था का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने 'मीरा नृत्य नाटक' सहित 20 से अधिक नाटकों का निर्देशन किया जिनका 25 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हुआ। उन्होंने नृत्य नाटक 'धरती धोरां री' का भी निर्देशन किया, जिसे 2011 में मॉरीशस के राष्ट्रपति के सम्मान में प्रस्तुत किया गया था। गोयल को पाँच दशक का शैक्षणिक क्षेत्र में सेवा का अनुभव है। उन्होने क्षेत्रीय निदेशक के रूप में राजस्थान के अग्रणी डीएवी संस्थानों की जिम्मेदारी भी संभाली। उन्हें 26 देशों का अंतरराष्ट्रीय और वैश्विक अनुभव है। वे भारत और पाकिस्तान में दक्षिण एशियाई बिरादरी और फोरम फॉर पीस एंड डेमोक्रेसी के कार्यकारी सदस्य हैं।प्रो.गोयल ने बताया कि अगले वर्ष मार्च में जवाहर कला केन्द्र में संस्था का भव्य स्वर्ण जयंती समारोह मनाया जाएगा। चुनाव में बीड़ी कृपलानी महासचिव और हरीनारायण कोषाध्यक्ष मुकुन्द अग्रवाल संरक्षक, फारूक आफरीदी, प्रेमचंद गांधी और सुशील गुप्ता सलाहकार, वुजय स्वामी मीडिया प्रभारी चुने गए।

### श्रीकाल भैरव मंदिर पर तीन दिवसीय अभिनंदन- 2025 का शुभारंभ

- स्वामी अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने दिया आशीर्वाद
- विधायक चंद्रभान सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद



**चमकता राजस्थान। चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी)।** चित्तौड़गढ़ मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूरी पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के परिसर में स्थित श्री काल भैरव (श्री कालाजी बाव जी) देव स्थल पर कैलेंडर वर्ष की विदाई और नए वर्ष के स्वागत में तीन दिवसीय अभिनंदन- 2025 का शुभारंभ हुआ, वहीं इस कार्यक्रम में आशीर्वाद प्रदान करने सूरजकुंड वाले संत अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज भी पधारे, जिनका विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, अनिल ईनाणी और मंदिर के पुजारी बाबूलाल जटिया सहित कई गणमान्य लोगो ने स्वागत किया 'इसके बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी बाबूलाल जटिया ने बताया कि अति प्राचीन काल भैरव (काला बावजी ) देव स्थल पर तीन दिवसीय अभिनंदन- 2025 का शुभारंभ सोमवार कों हुआ, इसमें सूरजकुंड वाले संत अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज भी पधारे , इस अवसर पर उन्होंने श्री काल भैरव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की आशीर्वाद लिया, इसके अलावा उन्होंने कालिका माता मंदिर मे भी पूजा अर्चना की ' उन्होंने इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद भी प्रदान किया ' वहीं उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय अभिनंदन- 2025 के अंतर्गत काल भैरव मंदिर परिसर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक शंकर लक्खा और पार्टी की ओर 1 जनवरी तक प्रतिदिन एक से चार बजे तक नानी बाई का मायरा कथा और वर्ष के अंत में मंगलवार 31 दिसंबर रात को विशेष भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा 'इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या अनिल ईनाणी, विनोद यति गुरुजी, पुजारी बाबूलाल जटिया भगवान लाल तिवारी, हरीश रोंगानी, किशन गुर्जर, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धांलु उपस्थित रहे '।

## खान विभाग की नई पहल : मिनरल एक्सप्लोरेशन का बनेगा पांच साल का मास्टर प्लान

### प्रमुख शासन सचिव खान विभाग टी. रविकांत की अध्यक्षता में आरएसएमईटी की कार्यकारी समिति की बैठक में फैसला

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** । प्रदेश में अब खान विभाग भी खनन मिनरल्स एक्सप्लोरेशन के लिए मास्टर प्लान बनाने जा रहा है। यह पांच साल के लिए बनेगा। सोमवार को राजस्थान स्टेट माइंस एंड एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की खनिज भवन में हुई कार्यकारी समिति की बैठक में यह फैसला किया गया है। बैठक के बाद विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने बताया कि इससे खनिज संपदा के एक्सप्लोरेशन कार्य योजना के साथ हो सकेंगे, काम में तेजी आएगी। खनिजों के डिपोजिट, गुणवत्ता और उपलब्धता का समय पर आंकलन होने से खनिज ब्लॉकों की समय पर और कारगर तरीके से नीलामी हो सकेगी। जल्द मास्टर प्लान तैयार होगा। इससे योजनाबद्ध तरीके से खनिज ब्ला-ॅकों की नीलामी, खनन और दोहन का कार्य हो सकेगा और इससे प्रदेश में रोजगार और राजस्व के अवसर बढ़ सकेंगे। आवशयकता होने पर निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन कार्य में लगी संस्थाओं की भागीदारी भी तय की जाएगी। वैज्ञानिक ढंग से खनन होने से जीरो लॉस खनन हो सकेगा। आरएसएमईटी के सीईओर एनपी सिंह ने कहा कि एक्सप्लोरेशन से लेकर ड्रिलिंग, सैंपल एनालीसिस और विभागीय लैब के सशक्तिकरण के साथ ही तकनीकी रूप से विभागीय टीम को संसाधन उपलब्ध कराकर सक्षम बनाया जा रहा है। बैठक में विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## बगरु विधायक कैलाश वर्मा ने किया नवीन वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** आचार्य अनेकांत सागर महाराज, गणिनी प्रमुख आर्यिका रत्न सुपाश्वमती माताजी और गणिनी आर्यिका रत्न गौरवमती माताजी की मंगल प्रेरणा और आशीर्वाद से नवनिर्मित मानसरोवर न्यू सांगानेर रोड स्थित इंजीनियर्स कॉलोनी एम ब्लॉक के शातिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जो अभी हाल ही में नवनिर्मित हुआ है कि नवीन वेदी का दो दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव 15 और 16 जनवरी को प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी पं. धर्मचंद शास्त्री और ब्र. जिनेश भैया (चीकू) के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के पोस्टर का विमोचन सोमवार को विधायक कैलाश वर्मा द्वारा किया गया, इस दौरान महोत्सव अध्यक्ष अनिल बोहरा, महामंत्री गिरीश जैन, सीए मनीष छाबड़ा, सपन जैन सहित विभिन्न समाज बंधु उपस्थित रहे। अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि 15 जनवरी को महोत्सव का शुभारंभ होगा जिसमें ध्वजारोहण, वेदी शुद्धि संस्कार, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडल एवं कलश स्थापना, इंद्र और इंद्राणी शुद्धि संस्कार मंत्रोच्चारण के साथ कर पांडुशिला पर भगवान शांतिनाथ को विराजमान कर कल्षाभिषेक और शांतिधारा की जाएगी और विधान पूजन प्रारंभ किया जाएगा और दूसरे दिन 16 जनवरी को प्रातः कल्षाभिषेक, शांतिधारा के साथ महोत्सव प्रारंभ होगा, इसके बाद पूजन होगा, वेदी प्रतिष्ठा संस्कार होगे और यज्ञ किया जाएगा, जिसके पश्चात नवीन वेदी पर भगवान शांतिनाथ स्वामी को विराजमान कर कल्षाभिषेक और शांतिधारा के साथ आयोजन सम्पन्न होगा।

## 14 जनवरी को होगा लाडेसर अभियान का शुभारंभ

- जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने ली अधिकारियों की बैठक
- अधिकारियों को अभियान का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश
- कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार का जरिया बनेगा लाडेसर अभियान



**चमकता राजस्थान/जयपुर !(खलील कुरैशी),30 दिसंबर।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला कलेक्टर ने कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार हेतु जिले में लाडेसर अभियान के शुरुआत के लिए निर्देश दिए गए। दिनांक 14 जनवरी 2025 से जिले में लाडेसर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा अभियान के अंतर्गत कम वजन एवं अति कम वजन वाले बच्चों के पोषण पर निगरानी रखी जाएगी तथा प्रत्येक कम वजन एवं अति कम वजन वाले बच्चों को प्रतिमाह एक-एक लाडेसर पोषाहार किट का वितरण किया जाएगा एवं साथ ही इसके उपयोग के सुनिश्चितता हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों के माता-पिता की समझाइए की जाएगी एवं नियमित रूप से बच्चों की प्रति 10 दिवस में वजन/ऊंचाई/ लंबाई ली जाएगी।जिला कलेक्टर ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी को अभियान के सफल संचालन हेतु आवशयक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में महेश शर्मा उपनिदेशक समेकित बाल विकास विभाग, उपनिदेशक सिकरा राम चोयल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### 8 से 12 जनवरी तक होगा युवा महोत्सव का आयोजन

## शासन सचिव खेल विभाग नीरज के.पवन की अध्यक्षता में राजस्थान युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

- 50 हजार रुपए तक की राशि से सम्मानित होंगे युवा महोत्सव के प्रतिभागी
- यूथ आइकॉन अवॉर्ड के विजेता एक लाख रुपए की राशि से होंगे सम्मानित

चमकता राजस्थान




**जयपुर!(खलील कुरैशी) 30 दिसंबर।** राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 8 से 12 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के संबंध में सोमवार को युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव नीरज के.पवन की अध्यक्षता में एसएमएस स्टेडियम के मीटिंग हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पवन ने बताया कि यह चार दिवसीय महोत्सव 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार' थीम पर आधारित होगा। इसका आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया जाएगा। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 50 हजार, द्वितीय स्थान पर 25 हजार और तृतीय स्थान पर 10 हजार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस संबंध में संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा तथा आमजन भी इस महोत्सव के प्रत्यक्ष साक्षी होंगे।

### यूथ आइकॉन अवॉर्ड

युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर कला, संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान और तकनीकी, नवाचार, साहसिक कार्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को 'राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। चयनित युवाओं को एक लाख रुपए और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पवन ने यह भी बताया कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव और यूथ आइकॉन अवार्ड में चयनित प्रतिभागियों को 12 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही, युवा दिवस पर आयोजित 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 में भाग लेने के लिए राजस्थान दल को 9 जनवरी को नई दिल्ली रवाना किया जाएगा।

### राजस्थानी संस्कृति की झलक

युवा मामले एवं खेल विभाग की उप शासन सचिव अनीता मीणा ने बताया कि महोत्सव में राजस्थानी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एनसीसी, पुलिस और विभिन्न संस्थानों द्वारा बैंड प्रदर्शन भी किया जाएगा।बैठक में युवा बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश चंद पहाड़िया और सूचना एवं जनसंपर्क, पर्यटन, शिक्षा, डीओआईटी, स्काउट गा-इड, कौशल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव पर सर्व समाज की चर्चा बैठक का समापन

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** दलित अधिकार केंद्र भरतपुर द्वारा दिनांक 30 दिसंबर 2024 को होटल प्रताप वाटिका में छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव को लेकर एक दिवसीय छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव पर सर्व समाज के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र के जिला समन्वयक लालाराम भड़ाना ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र का उद्देश्य छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव को खत्म कर समानता स्थापित करना तथा सर्व समाज में संमजस एवं प्रेम भाईचारा बढ़ाना मुख्य रूप से क्रियाकलाप है केंद्र के निदेशक एडवोकेट सतीश कुमार जी ने कहा कि दलित समुदाय हजारों वर्गों से छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव का शिकार होता आ रहा है जो कि समाज पर एक बहुत बड़ा कलंक है और इस कलंक को मिटाने के लिए सर्व समाज को आगे आने की आवश्यकता है भारतीय संविधान के अनुसार अनुच्छेद 17 में छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव को एक अपराध माना गया है और इसके विरुद्ध बहुत सारे कठोर कानून भी बने हुए हैं फिर भी समाज में यह मानसिक बीमारी के रूप में फैली हुई है इस बीमारी से निपटने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रभावशाली लोगों को आपस में मिलजुल कर इसको आपसी समझौते के स्तर पर एवं मानवीय मूल्य को भी ध्यान में रखते हुए रणनीति के तहत मिटाने का प्रयास करना होगा एडवोकेट गांधी जी ने कहा कि इस केंद्र से मेरा बहुत पुराना नाता है माननीय पीएल मीमरोठ साहब के जमाने से जब हम सभी मिलकर के गरीब वंचित शोषित पीड़ितों के केशों में पैरवी करने के लिए जाते थे तो आज भी मुझे वह समय याद है और कहां की समाज के एवं देश के समस्त नागरिकों को आपस में प्रेम भाईचारा स्थापित करने के लिए स्वयं जिम्मेदार बनना होगा ताकि हम सभी राष्ट्र के विकास में भागीदारी बन सकें और अपना विकास कर सकें केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एडवोकेट हेमंत ने कहा कि छुआछूत एवं जातिगत भेदभाव समाजवाद देश के विकास में बहुत बड़ी बाधा है इसे सामूहिक रूप से मिलकर ही दूर किया जा सकता है जबकि संविधान में सभी को समानता स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है इन सभी को हमको समझना पड़ेगा केंद्रीय अपने 20 वर्षों के कार्यकाल के दौरान यह महसूस किया है कि दलित गरीब वंचित एवं अनुसूचित जाति के लोगों के साथ आज भी बड़े पैमाने पर ग्रामीण परिवेश में जातिगत छुआछूत एवं भेदभाव की घटनाएं अधिकतर होती रहती हैं जिससे समाजों में प्रेम भाईचारा खत्म होता है तथा जातीय घटना भी बड़ा रूप ले लेती है एडवोकेट विजय सिंह जी ने कहा कि हमें आपस में मिलजुल कर रहना होगा एवं कानून और संविधान के हिसाब से देश चलता है उसी हिसाब से हमारे समाज को चलना होगा ताकि हम विकास कर सकें और देश की विकास की मुख्य धारा में जुड़ सकें तथा धीरे-धीरे समय बदलना है और परिवर्तन भी आए दिन हो रहे हैं और इसी तरह प्रयास करते रहेंगे तो जल्दी ही हम अपने देश को अग्रिम देश की पंक्ति में रख पाएंगे एडवोकेट चंदालाल बैरवा ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 17 यह कहता है कि देश का कोई भी नागरिक देश के किसी भी नागरिक से किसी भी रूप में जाति धर्म लिंग भेद एवं अन्य किसी भी रूप में छुआछूत वर्जित है अगर ऐसा कोई कृत करता है तो वह अपराध होगा और अपराध की सजा भी होगी जाता महासभा के अध्यक्ष धर्म सिंह फौजी जी ने कहा कि हमें आपस में मिलजुल कर रहना होगा एवं शिक्षित होकर अपने हक अधिकारों की मांग करनी होगी तथा उसी के आधार से अपने राष्ट्र को अग्रणी राष्ट्रों की पंक्ति में रख पाएंगे अमरचंद शर्मा कोऑपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष ने कहा कि हमें इन सब चीजों की जागरूकता को लेकर के गांव गांव पंचायत लेवल पर जाकर के मीटिंग करनी होगी और एक जागरूकता के रूप में लगातार प्रोग्राम करने होंगे ताकि समाज में जागृति आए और हम सब एक दूसरे को समझें प्रेम भाईचारा स्थापित करें इसी से देश राष्ट्र का हम सब का विकास होगा तथा जातीयता को खत्म कर मानवता स्थापित करनी होगी इसी से हम सबका एवं राष्ट्र का विकास संभव हो पाएगा जिला जाटव महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्रीमान राजकुमार पापा जी ने कहा कि हमारे समाज के बराबर संगठन किसी में नहीं है 2 अप्रैल को हमने इस देश को इस राष्ट्र को वह सब कुछ बता दिया कि दलित और आदिवासियों में कितनी एकता है और आगे भी मैं उम्मीद करुंगा कि इसी तरह संगठन यूनिटी में बने रहे और अपना विकास करें अपने राष्ट्र का विकास करें कोई कभी भी किसी से कोई काम नहीं है संविधान में सभी को समानता का अधिकार दिया हुआ है अपने को कभी भी किसी से कम नहीं माने जिला जाटव महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्रीमान लक्ष्मण जी ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार होते रहे बदलाव आ रहा है और दिन प्रतिदिन बदलाव होता रहेगा हमको भी हमारे बाल्मिक भाइयों के साथ भेदभाव और छुआछूत को खत्म करना होगा तभी हम अपने से ऊपर वाले आदमी को कह पाएंगे एक दिवसीय सर्व समाज की चर्चा बैठक में आप सभी ने अपना बहुमूल्य समय निकाला है इसके लिए भी मैं धन्यवाद देना चाहूंगा सर्व समाज की चर्चा बैठक में एडवोकेट राजेंद्र सोना जी पूरन सिंह सूबेदार जी सतीश पिल्लई जी सतीश स्टोन जी तेजपाल वर्मा जी एडवोकेट सुजान आर्य जी एडवोकेट प्रभा कुमारी सामाजिक कार्यकर्ता अंजली कुमारी एवं काफी बुद्धिजीवी भारी के लोगों ने भाग लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### राजकॉप एप पर बटन दबाते ही मौके पर पहुंचेगी पुलिस

**चमकता राजस्थान। जयपुर(खलील कुरैशी)।** राजस्थान में अजमेर रोड पर हुए अग्निकांड हादसे के बाद पुलिस ने राजकॉप एप पर रडर पैनिक बटन की शुरुआत की है। इमरजेंसी में बटन पर क्लिक करते ही इसकी सूचना कंट्रोल रूम में पहुंचेगी। इसके बाद पुलिस आपसे संपर्क करेगी और लोकेशन ट्रेस करके मौके पर पहुंच जाएगी। दरअसल, जांच में सामने आया है कि अजमेर रोड पर हादसा पीड़ितों ने कई बार 112 पर कॉल किया था। कॉल कनेक्ट न होने की वजह से समय पर मदद नहीं पहुंची थी।

### एससी/एसटी एक्ट व पोक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे 5000 रूपये के ईनामी अपराधी को किया गिरफ्तार।




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** आनन्द शर्मा (आईपीएस) जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 28.11.24 को परिवादीया ने रिपोर्ट पेश की कि मेरी नाबालिक पुत्री के साथ आरोपी रमेश उर्फ मालू जोगी ने टोफी, कुरकुरे दिलाने के बहाने कमरे में ले जाकर छेड़खानी की व जान से मारने की धमकी दी। आदि पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

- **पुलिस कार्यवाही का विवरण:-**

प्रकरण में मुल्जिम घटना करने के बाद से ही फरार चल रहा था।जिस पर पांच हजार रूपये की ईनाम घोषणा की गई थी। मुल्जिम की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पूनियां आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में तथा रामधन सांडीवाल आरपीएस वृत्ताधिकारी माधोराजपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में फरार ईनामी अपराधी रमेश उर्फ मालू जोगी को दिनांक 30.12.24 को गिरफ्तार किया गया है।

- **गिरफ्तार आरोपी का विवरण:-**

(1) रमेश उर्फ मालू जोगी पुत्र रामलाल जाति जोगी उम्र 28 साल निवासी मीणा की ढाणी ग्राम बीची थाना माधोराजपुरा जिला जयपुर ग्रामीण।

- **पुलिस टीम का विवरण:-**

गोपाल लाल हैड कानि 309, सीताराम कानि 2337 व अरविंद कानि 2360 वृत कार्यालय माधोराजपुरा जिला जयपुर ग्रामीण।

# असंतुलित होकर विद्युत पोल से भिड़ी बाइक तीन जनें घायल

## घायलों को नदबई चिकित्सालय में कराया भर्ती, एक घायल किया रैफर

चमकता राजस्थान

नदबई,(राजवीर सिंह)। क्षेत्र के गांव कोल्हूपुरा के समीप असंतुलित होकर विद्युत पोल से बाइक भिडऩे के चलते बाइक सवार पिता-पुत्र सहित तीन जनें घायल हो गए। ग्रामीणों ने 108 से घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में एक घायल को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। सूत्रों की मानें तो गांव अलीपुर खुर्रा निवासी हरीसिंह जाटव पुत्र गंगाराम जाटव अपने पुत्र शैलेष जाटव व एक अन्य विपुल कुमार पुत्र हरीचंद के साथ बाइक पर नदबई से अपने गांव जा रहा। इसी दौरान गांव कोल्हूपुरा के समीप अचानक असंतुलित होकर बाइक विद्युत पोल से बाइक टकरा गई। जिसके चलते बाइक सवार पिता-पुत्र सहित तीन जनें घायल हो गए। घायलों को नदबई चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में घायल हरीसिंह जाटव को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया।



# प्रदेश के भौगोलिक स्थिति में फिर बदलाव, जिलों का हुआ पुनर्गठन...

चमकता राजस्थान

- **राजस्व विभाग ने जारी की अधिसूचना जोधपुर सबसे बड़ा संभाग**
- **प्रशासनिक दृष्टि से जयपुर सबसे बड़ा जिला**
- **कांग्रेस सरकार के बनाए 9 जिले और 3 संभाग पुरानों में मर्ज**

जयपुर (खलील कुरैशी) राजस्थान में 18 महीने में दो बार जिलों का पुनर्गठन किया जा चुका है। भजनलाल सरकार की कैबिनेट बैठक में कांग्रेस सरकार के समय बनाए गए 9 जिलों और 3 संभागों को रद्द करने के फैसले के बाद राजस्व विभाग ने भी आधिकारिक मुहर लगा दी है। केंद्र सरकार की ओर से जनगणना के संबंध में जिले, तहसील, उपखंडों की सीमाओं की 31 दिसंबर तक दी गई फ्रीज करने की छूट को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी की है। प्रदेश में अब 41 जिले और 7 संभाग हो गए हैं। राजस्व विभाग ने दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीमकाथाना, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, अनूपगढ़ और सांचौर जिले को खत्म करते हुए जिन जिलों से तोड़कर बनाया गया था, उन्ही में पुनः शामिल किया है। नए जिलों की सभी उपखण्ड और तहसील पुनः पुराने जिले में मर्ज कर दी गई हैं। वहीं पाली, सीकर और बांसवाड़ा संभाग को खत्म कर संभागों का पुनर्गठन किया है। राजस्थान में 9 जिले और 3 संभाग कम होने से प्रदेश का सिर्फ भूगोल ही नहीं बदला बल्कि कई अवधारणा भी बदल गई हैं। जयपुर जिले में 16 उपखंड और 21 तहसील शामिल

संभागों का किया पुनर्गठन

- **अजमेर संभाग**

अजमेर, भीलवाड़ा, ब्यावर, डीडवाना - कुचामन, नागौर और टोंक। बीकानेर संभाग बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर। भरतपुर संभाग भरतपुर, डीग, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर। जयपुर संभाग जयपुर, अलवर, दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, झुंझुनूं और सीकर जोधपुर संभाग जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालौर, पाली, फलोदी और सिरोही। कोटा संभाग कोटा, बारां, बूंदी और झालावाड़। उदयपुर संभाग उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद और सलूंबर।

### हज 2025: हज यात्रियों की सुविधा के लिए हज खर्च जमा करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी तक बढ़ाई गई

**चमकता राजस्थान। जयपुर/नई दिल्ली !(खलील कुरैशी)।** हज कमिटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रियों की सुविधा के लिए और जनमानस की मांग पर वेटिंग लिस्ट में चयनित हज यात्रियों के लिए हज खर्च की पहली और दूसरी किस्त की राशि 2,72,300 जमा करने की अंतिम तारीख 6 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी है। ड्रॉ में पहले से चयनित हज यात्री भी 6 जनवरी तक हज खर्च की दूसरी किस्त 1,42,000 जमा कर सकते हैं'हज कमिटी ऑफ इंडिय द्वारा जारी सर्कुलर में हज यात्रियों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की गई है। यह अंतिम तारीख है और इसके बाद किसी और विस्तार की संभावना नहीं है। हज यात्रीँ३३स्त्र२ः/ॅ/ङ्के३ईी.ॅङ्क५.ल्र वेबसाइट या हज सुविधा ऐप के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, या यूपीआई द्वारा ई-पेमेंट कर सकते हैं। यात्री स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में पे-इन स्लिप और बैंक रेफरेंस नंबर के जरिए हज समिति के खाते में राशि जमा कर सकते हैं ।वेटिंग लिस्ट से चयनित यात्री, राशि जमा करा सकते हैं

- **8 जनवरी 2025 तक निम्नलिखित दस्तावेज जमा करें**

(1). मूल अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट (मशीन रीडेबल) और उसका स्व-सत्यापित कॉपी।(2). मेडिकल स्क्रीनिंग और फिटनेस प्रमाणपत्र।(3). शपथ पत्र।(4). बैंक की पे स्लिप।(5). हज आवेदन फॉर्म की प्रति ।हज खर्च की तीसरी किस्त की घोषणा हवाई यात्रा किराए और सऊदी अरब में होने वाले खर्चों के निर्धारण के बाद की जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए हज कमिटी ऑफइंडिया,की वेबसाइट https:hajcommittee.gov.in या राज्य हज समितियों के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में आयोजित हुई भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक

- **बस्सी में ठोस कचरा प्रबंधन हेतु 8 हजार वर्गमीटर भूमि आवंटन**

## मुख्यमंत्री बजट घोषणा की पालना में कामकाजी महिलाओं के लिये हॉस्टल एवं पेंइंग-गेस्ट सुविधा हेतु जेडीए योजना में भूमि आवंटन

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 30 दिसम्बर।** जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 205वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जोन-7 में ही जविप्रा की योजना गोविन्दपुरा करधनी के सी ब्लाॅक के संस्थानिक भूखण्ड संख्या सी-2 कुल क्षेत्रफल 3911.00 व.मी. में से 1500.00 व.मी. भूमि पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियन्ता उपखण्ड कार्यालय परिसर हेतु भूमि निःशुल्क आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जोन-9 में माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा संख्या 91.04 के तहत कामकाजी महिलाओं के लिये हॉस्टल एवं पेंइंग-गेस्ट सुविधा हेतु जविप्रा की योजना रामचन्द्रपुरा में भूखण्ड संख्या 30 क्षेत्रफल 3656.00 वर्ग मीटर का आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जोन-13 में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनन्तपुरा (जैतपुरा) चौमूं के भवन निर्माण हेतु अनन्तपुरा ग्रुप हाउसिंग योजना के आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल 15885.98 वर्गमीटर में से 4000.00 वर्गमीटर भूमि का आवंटन का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जोन-13 में अधिषाषी अधिकारी, नगरपालिका बस्सी, जयपुर हेतु राजस्व ग्राम बस्सी, तहसील बस्सी, के खसरा नं. 1285 रकबा 3.18 है. किस्म-चरागाह, जविप्रा की भूमि में से ठोस कचरा प्रबंधन/ एमआरएफ एवं एफएसटीपी की स्थापना हेतु करीब 8000 वर्गमीटर भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।




### प्रेम नारायण बने प्रधान कार्यालय शाखा के अध्यक्ष धर्मेश बैरवा सहायक सचिव



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लाइज यूनियन की प्रधान कार्यालय जीएलओ शाखा द्वारा कार्यकारिणी की बैठक में जीएलओ अध्यक्ष सुभाष पारीक की स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति उपरांत रिक्त हुए अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से प्रेम नारायण, मुख्य कार्यालय अधीक्षक, भंडार विभाग को निर्वाचित किया गया तथा प्रेम नारायण जी के द्वारा रिक्त हुए सहायक सचिव के पद पर धर्मेश बैरवा, मुख्य कार्यालय अधीक्षक, सामान्य विभाग को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को महामंत्री श्री मुकेश माथुर जी एवं शाखा सचिव राजीव सारण द्वारा साफा एवं माला पहना कर शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं नारायण सिंह, उत्तम बाथरा, सुनील माथुर, पवन जुनेजा, सोनल माथुर, आशीष मीना, नूतन प्रकाश प्रजापति,इंद्रपाल सिंह, महेश बोहरा, धर्मेश बैरवा, अमर झा, त्रिलोचन सिंह, योगेश शर्मा, राजीव बड़सर, समित प्रताप सिंह, मोहन शर्मा, शंकर लाल, दान सिंह, शुभम भारद्वाज, मनोज मीना, शंकर यादव, बृजमोहन बैरवा, आरती अग्रवाल, पारुल माथुर, जमना कंवर एवं अन्य साथियों ने भी नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सहायक सचिव को माला पहनाकर शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता, कार्यकर्ता और समाजसेवी के निधन पर उनके परिजनों को भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दी सांत्वना



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ दो दिवसीय पाली, सिरोही और गुजरात प्रवास पर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के परिजनों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ माउंट आबू नगर पालिका के अध्यक्ष और पूर्व जिला महामंत्री स्व. जालमगिरी जी के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। राठौड़ ने जालमगिरी जी की तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सिरोही समाजसेवी तारा राम माली के निधन पर उनके आवास भी पहुंचे और उनके परिजनों के साथ मुलाकात कर सांत्वना प्रदान की।

राठौड़ ने पिंडवाडा प्रधान नितिन बंसल के स्वरूपगंज स्थित आवास पर पहुंचे और स्व बाबू भाई बंसल के निधन पर शोक प्रकट किया। इसके बाद माउंट आबू में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिण सदस्य नरपत चारण के आवास पर पहुंचकर उनके पिता स्व. लालूदान चारण के निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान की। मदन राठौड़ सुमेरपुर के भाजपा नेता कृपाशंकर के पुत्र सत्येंद्र की धर्म पत्नी के निधन पर उनके आवास पहुँचकर उनके परिजनो को सांत्वना प्रदान करी।

### 1 जनवरी से 10 जनवरी तक 10 दिन तबादला उत्सव, प्रदेश में तबादलों से बैन हटा

- स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और कॉलेज शिक्षा विभाग से नहीं हटी रोक



**चमकता राजस्थान। जयपुर!** भजनलाल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के तबादलों से बैन हटा लिया है। प्रशासनिक सुधार विभाग ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। नए साल में सरकार ने कर्मचारियों को बड़ी राहत प्रदान की है। यह रोक केवल दस दिन के लिए हटाई गई है, जिसके कारण अब राज्य में तबादलों का सिलसिला शुरू होगा। हालांकि, इस आदेश में शिक्षा विभाग के तबादले शामिल नहीं हैं।आदेश के अनुसार एक से लेकर 10 जनवरी 2025 तक राजकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के स्थानान्तरण पर लगी पूर्ण रोक को हटा लिया गया है। यह आदेश उन कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए राहत की बात है, जो लंबे समय से तबादले का इंतजार कर रहे थे। आदेश में कहा गया है कि 4 जनवरी 2023 और 15 जनवरी 2023 से लागू किए गए स्थानान्तरण प्रतिबंध को भजनलाल सरकार में दूसरी बार छूट
कैबिनेट में इस बारे में निर्णय होने के बाद 24 घंटे के भीतर ही प्रशासनिक सुधार विभाग ने आदेश जारी कर दिया। भजनलाल सरकार में तबादलों में दूसरी बार छूट दी गई है। भजनलाल सरकार में तबादलों के लिए पहली छूट के आदेश 8 फरवरी 2024 को जारी हुए थे।

शेष विभागों के लिए एक जनवरी 2025 से 10 जनवरी 2025 तक हटा लिया गया है। हालांकि, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, कॉलेज शिक्षा विभाग और तकनीकी शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के तबादले पर यह रोक बरकरार रहेगी। इस आदेश के तहत 8 जनवरी 2024 से निर्वाचन विभाग द्वारा जारी मतदाता सूचियों के विशेष।

### किसानों का पंजाब बंद खत्म : यात्रियों को हुई परेशानी, होटल ही बने सहारा

**चंडीगढ़/एजेंसी।** पंजाब में किसानों द्वारा सोमवार को बुलाया गया पंजाब बंद शाम 4 बजे खत्म हो गया। सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस बंद से पूरे राज्य में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। किसानों ने हरियाणा और पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर समेत 140 से ज्यादा जगहों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक जाम कर दिए। अमृतसर-जालंधर, पानीपत-दिल्ली और अमृतसर-जम्मू जैसे महत्वपूर्ण रूटों पर यातायात पूरी तरह ठप रहा। किसान आंदोलन के चलते रेलवे ने वंदे भारत समेत 163 ट्रेनें रद्द कर दीं। इससे हजारों यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# सांड की चपेट से एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में तकनीकी खराबी

- आउट सिग्नल पर 45 मिनिट का ठहराव
- मशक्कत कर ट्रेन के नीचे से निकाला सांड,
- अजमेर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस का मामला, गुवाहाटी एक्सप्रेस को रोका खेडली स्टेशन पर

चमकता राजस्थान



**नदबई,(राजवीर सिंह)।** नदबई स्टेशन के समीप सोमवार सुबह करीब 11.20 पर आवारा सांड की चपेट से अजमेर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में तकनीकी खराबी हो गई। जिसके चलते अजमेर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस का आउट सिग्नल करीब 45 मिनिट का ठहराव किया गया तो वही, बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस को करीब 25 मिनिट तक खेडली स्टेशन पर रोका गया। सूचना पर रेलकर्मियों ने मशक्कत कर मृत सांड को ट्रेन के नीचे से निकाला। बाद में करीब 45 मिनिट बाद एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया गया। सूत्रों की मानें तो जयपुर से भरतपुर की ओर जाने दौरान नदबई स्टेशन के समीप आउट सिंग्नल पर अजमेर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस के इंजन से आवारा गौवंश टकरा गया। जिसके चलते इंजन में तकनीकी खराबी हो गई तो आवारा सांड, ट्रेन के नीचे फंस गया। सूचना पर रेलकर्मियों ने मौके पर पहुंच मृत सांड को ट्रेन के नीचे से निकालते हुए इंजन को दुरुस्त कर करीब 45 मिनिट बाद एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया गया।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों को गुमराह कर रहा विपक्ष : उमेश

एजेंसी

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बयान जारी कर विपक्ष पर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। कुशवाहा ने कहा है कि सत्ता की लोलुपता में विपक्षी पार्टियां बेशर्मी की हदें लांघ चुकी हैं। यह बेहद अफसोस और दुर्भाग्य का विषय है कि जिन युवाओं के कंधों पर भारत का भावी भविष्य टिका हुआ है, उन्ही कंधों का इस्तेमाल कर राजद और जनसुराज जैसी राजनीतिक पार्टियां सत्ता की सीढ़ी चढ़ना चाहती है। उन्हें छात्रों और युवाओं से दूर-दूर तक कोई सहानुभूति नहीं है।

कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छात्र आंदोलन की उपज हैं। इसलिए राजनीति की शुरूआत से ही छात्र हित उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। दूसरी ओर, विपक्ष केवल राजनीतिक हित साधने के लिए अभ्यर्थियों के बीच में लगातार झूठ और भ्रम फैला रहा है। विपक्षी पार्टियां बीपीएससी अभ्यर्थियों आंदोलन में राजनीतिक अवसर तलाश रही हैं लेकिन प्रदेश का छात्र और युवा वर्ग विपक्ष की झूठी राजनीति का शिकार कभी नहीं बनेगा। राजनीतिक स्वार्थ के लिए अभ्यर्थियों को बरगलाने वाली नकारात्मक ताकतों को बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी। कुशवाहा ने कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांगों को लेकर नीतीश सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और गंभीरता से सभी मामलों को देख रही है।

## संदेशखाली आंदोलन के नेता सुजय 'मास्टर' ने तृणमूल का दामन थामा

एजेंसी



**कोलकाता।** संदेशखाली के राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव तब देखने को मिला जब सुजय मंडल उर्फ सुजय मास्टर ने पार्टी का झंडा थामा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सोमवार को संदेशखाली दौरा किया। उसके ठीक पहले उनकी जॉइनिंग हुई है। सुजय मास्टर राज्य सरकार के स्कूल में पारा शिक्षक हैं। एक समय वे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े हुए थे। बाद में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा बनकर संदेशखाली में सक्रिय भूमिका निभाई। हालांकि, स्थानीय नेताओं शाहजहां शेख, उत्तम सरदार और शिबू हाजरा के खिलाफ आवाज उठाने के चलते उनका तृणमूल से टकराव हो गया। यही नहीं, इन नेताओं के कथित 'अत्याचारों' के खिलाफ उन्होंने महिलाओं को संगठित किया, जिसके चलते उन्हें जेल भी जाना पड़ा। महिलाओं के आंदोलन और राजनीतिक बदलाव संदेशखाली में तृणमूल के कुछ नेताओं पर महिलाओं की जमीन जबरन हड़पने और मछली पालन के लिए उपयोग करने का आरोप लगा। इस दौरान सुजय मास्टर ने महिलाओं का नेतृत्व किया। बाद में सुजय की शागिर्द मानी जाने वाली रेखा पात्र को भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया। हालांकि, दोनों के बीच मतभेद भी उभरे।

**तृणमूल में वापसी**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संदेशखाली दौरे से पहले तृणमूल के कार्यालय में सुजय मास्टर ने औपचारिक रूप से पार्टी में वापसी की। स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में उन्होंने तृणमूल का झंडा थामा।

राजनीतिक प्रतिक्रियाएं

भाजपा नेता और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुजय तो तृणमूल के ही व्यक्ति थे। लोकसभा चुनाव के समय भी वे तृणमूल के साथ थे। उन्होंने मुझसे कुछ दिन पहले कहा था कि वे दबाव में हैं। मैंने उन्हें अपनी मर्जी से निर्णय लेने को कहा। सुजय मास्टर की वापसी को तृणमूल कांग्रेस के लिए राजनीतिक मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। संदेशखाली में तृणमूल की पकड़ को और मजबूत करने की ममता बनर्जी की रणनीति का यह हिस्सा माना जा रहा है।

## नीमच से वैष्णो देवी साइकिल यात्रियों का श्रीनगर पहुंचने पर भव्य स्वागत

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक :श्रीनगर /अजमेर :-नसीराबाद



साइकिल नीमच से वैष्णो देवी की 18 सौ किलोमीटर की साइकिल पर यात्रा कर रहे 41 सदस्यो के जत्थे का श्रीनगर पहुंचने पर पूर्व सरपंच रामकरण यादव व खाटू श्याम मित्र मंडल के महेंद्र यादव ने स्वागत किया। यहां खेड़ा चौराहे पर उनके रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी की गई। जानकारी के अनुसार विशपपाल निवासी भगाना नीमच के नेतृत्व में साईकल यात्रियों का यह जत्था श्रीनगर पहुंचा। जानकारी के अनुसार साइकल यात्रियों का जात्था 27 दिसंबर को नीमच से रवाना हुआ यह जत्था वैष्णो देवी 9 जनवरी को पहुंचेगा। साइकिल यात्री विशपपाल ने बताया कि वह प्रतिदिन 120 किलोमीटर की साइकिल पर यात्रा करते हैं। रात्रि में विश्राम कर सुबह रवाना हो जाते हैं। देश में अमन चैन व शांति का संदेश देने के लिए साइकिल यात्रा कर रहे हैं। बिशपपाल ने बताया कि घने कोहरे ,सर्दी मे बरसात के कारण थोड़ी परेशानी जरूर होती है। लेकिन माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से रास्ते में आने वाली दिक्कतों का सामना करने की हिम्मत मिलती है। जानकारी के अनुसार साइकिल यात्री नीमच से भीलवाड़ा, श्रीनगर, खाटू श्याम, सालासर, राजगढ़ ,डुहाना, सिंध पंजाब ,नैना देवी ,चिन्न पूर्णा देवी चंडीगढ़ ,ज्वाला देवी ,बगलामुखी ,कांगड़ा देवी, लखनपुर बॉर्डर जम्मू होते हुए नगरोटा कटरा से 9 जनवरी को वैष्णो देवी पहुंचेंगे। रास्ते में सर्दी बरसात में कोहरे के कारण थोड़ी परेशानी तो होती है। कभी-कभी साइकिल के पंचर हो जाने से साथी पीछे रह जाते हैं। रास्ते में श्रद्धालु भोजन एवं आवास की व्यवस्था कर देते हैं। श्रीनगर में पूर्व सरपंच रामकरण यादव ने भोजन तथा महेंद्र यादव ने आवास की व्यवस्थाकी।

## 10 जनवरी को गंगासागर मेला का होगा उद्घाटन



संवाददाता

**कोलकाता।** गंगा सागर मेले का शुभारंभ 10 जनवरी को दोपहर 3:30 बजे होगा। भव्य उद्घाटन शाम 6 बजे रोड नंबर 2 पर होगा। जिला मजिस्ट्रेट सुमित गुप्ता ने सोमवार को अलीपुर दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कांफ्रेंस में जिला परिषद सभानेत्री नीलिमा विशाल मिस्त्री, एसपी कटेश्वर राव सह एडीएम और जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। पिछले साल मेले में 70 लाख श्रद्धालु आये थे। इस साल महाकुंभ के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी की आशंका होनेका मान नहीं रहा है प्रशासन। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गंगानगर मेले को नये स्वरूप में सजाये है। जिला सभानेत्री नीलिमा विशाल मिस्त्री ने कहा कि आकर्षण दिन व दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने शिकायत की कि गंगासागर मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा केंद्र नहीं दिया है । जिलाधिकारी सुमित गुप्ता ने बताया कि गंगासागर मेला 8 जनवरी से शुरू होगा। पूर्ण स्नान 14 जनवरी सुबह 6:56 बजे से 15 जनवरी सुबह 6:56 बजे तक होगा। मेले का समापन 16 जनवरी की शाम को होगा। इस बार मेले को ग्रीन एंड क्लीन और स्वच्छ बनाया जाएगा।

## कानून-व्यवस्था भंग करने के आरोप में प्रशांत किशोर सहित 21 नामजद, करीब 700 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

एजेंसी



**पटना।** छात्रों को उकसाने और कानून-व्यवस्था भंग करने के आरोप में जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर और पार्टी अध्यक्ष मनोज भारती सहित कुल 21 नामजद और 600-700 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पटना प्रशासन द्वारा बीती देर रात जारी जानकारी के मुताबिक जनसुराज पार्टी द्वारा गांधी मैदान, गांधी मूर्ति के सामने छात्र संसद के आयोजन के लिए स्वीकृति मांगी गई थी जिसे जिला प्रशासन ने अस्वीकृत करते हुए आवेदक को सूचित कर दिया था। इसके बावजूद 29 दिसम्बर को देर शाम इस पार्टी (जनसुराज) ने गांधी मूर्ति के समीप अनधिकृत रूप से लोगों की भीड़ इकट्ठा कर उन्हें उकसाया तथा विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न की गई। इनके द्वारा प्रदर्शनकारियों के साथ जेपी गोलंबर तक बिना अनुमति के जुलूस निकाला गया तथा सड़क जाम कर दिया गया। वहां दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की की गई। इन लोगों द्वारा भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा लगाए गए लाउड स्पीकर को भी क्षतिग्रस्त किया गया। उनलोगों द्वारा मुख्य सचिव को ज्ञापन देने के लिए पांच लोगों का डेलीगेशन भेजने की बात की गई, परंतु आपसी सहमति नहीं बनने के कारण लोगों का नाम भी नहीं दिया गया। अंत में लगभग 100 की संख्या में लोग जेपी गोलंबर से हटने को तैयार नहीं थे। अतः प्रशासन द्वारा पानी की बौछार और हल्का बल प्रयोग कर इन्हें हटाया गया तथा स्थिति को सामान्य किया गया। अनधिकृत रूप से भीड़ को इकट्ठा करने, लोगों को उकसाने तथा विधिझ्रव्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने के आरोप में 21 नामजद एवं 600 से 700 अज्ञात लोगों के विरुद्ध गांधी मैदान थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर, पार्टी अध्यक्ष मनोज भारती, कोचिंग संचालक रह्मांशु मिश्रा के भी नाम शामिल हैं।

### बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पहुंचे पटना

**पटना।** बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पटना पहुंच गये है। सोमवार को पटना एयरपोर्ट पर उनके पहुंचते ही विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सभापति अवधेश नारायण सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित नीतीश कैबिनेट के मंत्रियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल को यहां गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मौके पर एक सवाल के जवाब में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारतीय संस्कृति, भारतीय इतिहास में बिहार का क्या योगदान है, और बिहार के गौरवशाली इतिहास को वे अच्छी तरह से जानते हैं। उसके नाते इस दायित्व का महत्व है उसको देखते हुए पूरी कोशिश करूंगा कि यहां कि जो गौरवशाली परंपराएं हैं, जो ऐतिहासिक धरोहर है उसके अनुरूप यहां पर अपने दायित्व का निर्वहन कर सकूं और हर मयार्दा बनी रही।

मांग › आरा और दरभंगा में ट्रेनों का परिचालन प्रभावित पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं अभ्यर्थी

# बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में लेफ्ट-राजद ने रोकी ट्रेनें

एजेंसी



**पटना।** बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द करने की मांग पर आंदोलनरत अभ्यर्थियों का प्रदर्शन 13 दिन से चल रहा है। पुनः परीक्षा की मांग को लेकर यह अभ्यर्थी धरना दे रहे हैं। अभ्यर्थियों के समर्थन में अब लेफ्ट और राजद के कार्यकताओं ने कई स्थानों पर ट्रेनों को रोक दिया और सड़क जाम कर अपना विरोध जताया। सोमवार को अभ्यर्थियों के समर्थन में अब लेफ्ट और राजद के कार्यकताओं ने आरा और दरभंगा में ट्रेनों के परिचालन प्रभावित किया है। इंजन पर खड़े होकर छात्र संगठन के कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एग्जाम दोबारा कराने की मांग की। रेलवे ट्रेक पर राजद और लेफ्ट के कार्यकाताओं के प्रदर्शन के चलते जयनगर से नई दिल्ली की ओर जाने वाली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 1 घंटे तक रुकी रही। दूसरी ओर आरा में बक्सर-पटना पैसेंजर ट्रेन को 10 मिनट तक रोके रखा।

इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शकारियों को हटाकर ट्रेन को रवाना किया। छात्र संगठनों ने आरा, बोतिया और समस्तीपुर में सड़क जामकर प्रदर्शन किया है।

प्रदर्शनकारियों ने समस्तीपुर-पटना रोड को जाम कर दिया। जाम के कारण कई गाड़ियां फंस गईं। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा ) और इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाइए) इस प्रदर्शन में शामिल हैं। रविवार को अभ्यर्थियों को समर्थन देने जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर धरनास्थल पर पहुंचे थे। इससे पहले निर्दलीय पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और तेजस्वी भी छात्रों के आंदोलन को समर्थन देने धरनास्थल पर जा चुके हैं। आज पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने सुबह साढ़े 10 बजे राज्यपाल से मुलाकात की और कैंडिडेट्स की मांगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया है। उसको लेकर बात की गई। राज्यपाल ने डीएम और एसपी को बुलाया है। उन्होंने बीपीएससी चेयरमैन से भी बात की है। इन सबके अलावा कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी व राहुल गांधी ने छात्रों के इस आंदोलन को सपोर्ट किया है और बिहार सरकार पर आंदोलन को बर्बर तरीके से कुचलने का आरोप लगाया है।

## अजगरी में किसान पाठशाला के दूसरे सत्र का आयोजन

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के बंजरिया प्रखंड स्थित अजगरी पंचायत में पौधा संरक्षण विभाग द्वारा किसान पाठशाला के दूसरा सत्र का आयोजन किया गया।मौके पर पाठशाला के संचालक किसान मनोज कुमार सिंह सहित चयनित 25 किसानों के अलावा अन्य उपस्थित किसानो को प्रशिक्षक कामेश्वर सिंह कृषि समन्वयक एवं शौम्या शेखर सहायक तकनीकी प्रबंधक ने किसानो को कृषि के समसमायिक स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षक कामेश्वर सिंह ने किसानों को खरपतवार नियंत्रण के उपाय, चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार या संकरी पत्ती वाले खरपतवार या दोनों खरपतवार एक साथ फसल में हो तब कौन सी खरपतवार नाशक दवा किस मात्रा में छिड़काव करें इत्यादि विषयों पर विस्तार से बताया। प्रशिक्षक शौम्या शेखर ने किसानो को आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते बताया कि बिहार कृषि एप किसानो के लिए महत्वपूर्ण है।इन्होने इस एप डाउनलोड करने के साथ ही इसके उपयोग के संदर्भ में भी जानकारी दिया। कार्यक्रम के पश्चात किसानो ने प्रत्यक्षण किये चयनित किसानो के खेतो में लगे विभिन्न रब्बी फसलो का भी अवलोकन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सशस्त्र बल के अधिकारी ने की आत्महत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधिकारी ने नवा रायपुर में रविवार रात अपने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आज सोमवार सुबह पुलिस ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के 45 वर्षीय अनिल सिंह गहरवार ने राखी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय में अपने बैरक में रात 8 बजे करीब कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात लगभग 8 बजे जवानों को बैरक से गोली की आवाज सुनाई दी। गोलियों की आवाज सुनकर उनके सहकर्मी कमरे में पहुंचे और उन्हें मृत पाया। जिसके बाद इस घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

### पेट्रोल व डीजल के ड्रम से भरे गोदाम में लगी आग

**जींद।** नरवाना शहर स्थित एक गोदाम में अचानक से आग लग गई। गोदाम में पेट्रोल व डीजल के ड्रम रखे थे। आग की सूचना मिलते ही पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग लगातार बढ़ती देख आसपास क्षेत्र से लोगों को वहां से दूर किया गया। नरवाना शहर के उकलाना रोड रेलवे फाटक के पास स्थित गोदाम में पेट्रोल व डीजल के ड्रम रखे गए हैं। अचानक से रविवार रात को गोदाम से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

### कमरे में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव कमरे में मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्ताव ने बताया कि ठाकुरगंज के न्यू हैदरगंज कॉलोनी में रहने वाले शत्रुघ्न राठौर का शव उनके कमरे में मिला है। पत्नी राखी की सूचना पर पहुंचे एसीपी चौक और ठाकुरगंज पुलिस ने फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल की जांच की। पत्नी ने पुलिस को बताया कि पति कमरे में सो रहे थे, तभी अचानक खटर-पटर की आवाज आई। इस पर हम लोगों ने बाहर निकल कर देखा तो पति शत्रुघ्न राठौर बिस्तर पर लेटे थे।

### मिखाइल कावेलाशविली ने जॉर्जिया के राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

**त्बिलिसी।** पश्चिम के कट्टर आलोचक और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मिखाइल कावेलाशविली ने रविवार को जॉर्जिया के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पश्चिम समर्थक निवर्तमान जॉर्जियाई राष्ट्रपति सलोमी जौराबिचविली ने रविवार सुबह कहा कि वह त्बिलिसी में ओरबेलियानी पैलेस स्थित अपना आवास खाली कर देंगी, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अब भी वैध पदधारक हैं। उन्होंने कावेलाशविली के शपथग्रहण को एक हास्यानुकृति बताया। जौराबिचविली ने महल के बाहर समर्थकों की भीड़ से कहा मैं यहां से बाहर आऊंगी।

### उधमपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण

**जम्मू।** उधमपुर के चबूतरा बाजार में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। इस आग ने एक कार और एक हार्डवेयर शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग को कई बार इस खंबे शॉर्ट सर्किट होने की आशंका से अवगत करवाया गया था पर विभाग ने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया और आज जब इस खंबे में आग लगी तो इसने पास के शो रूम व कार को भी अपनी चपेट में ले लिया।

### दो जनवरी को आयोजित होगा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर

**जयपुर।** दो जनवरी को नगर पालिका मंडल नरैना व व्यापार मंडल, नरैना के सहयोग से ब्रह्म समाज धर्मशाला, सुरभि विद्या मंदिर, कटला बाजार रोड, बस स्टैंड, नरैना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की ओर से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर द्वितीय की टीम द्वारा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे।

### हाथरस सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**हाथरस।** जनपद में सुबह राज्यमार्ग स्थित बस स्टैंड के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, कुछ लोग घायल है, जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब चार बजे के आसपास बालू से लदा डंपर आगरा से अलीगढ़ की तरफ जा रहा था। वहीं हाइवे पर बने बस स्टैंड पर एक रोडवेज बस यात्रियों को उतार रही थी। बस को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार डंपर हाईवे पर लगी रेलिंग को तोड़ते हुए जन सुविधा केंद्र में जा घुसा।

### जम्मू व कटरा की करीब दो दर्जन ट्रेनें हुई प्रभावित

**जम्मू।** किसान संगठनों के रेल रोको आन्दोलन के कारण करीब 163 ट्रेनों को कैंसिलकी गई, 19 ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट किया गया, 15 ट्रेनों को शार्ट ओरिजीनेट, 15 ट्रेनों को विलंब से चलाया गया तथा 09 ट्रेनों को रोककर चलाया जा रहा है। रोककर चलाए जाने वाले ट्रेनों को ऐसे स्थानों पर रोका जाएगा जहाँ रेलयात्रियों को कोई असुविधा का सामना ना करना पड़े एवं उनको मूलभूत चाय पानी की सुविधा मिलती रहे।

# देश की एकता और अखंडता की अहम कड़ी है राजभाषा हिंदी : रांगड़ा

- हिंदी एक विश्व भाषा के रूप में उभरी है
- हिंदी भाषी लोगों की वैश्विक उपयोगिता बढ़ चुकी है




**धर्मशाला। एजेंसी**

राष्ट्रीय फैशन संस्थान छेब कांगड़ा में राजभाषा के रूप में हिंदी की उपयोगिता को लेकर सोमवार को कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रीय फैशन संस्थान छेब के संयुक्त निदेशक दिनेश रांगड़ा ने करते हुए कहा कि राजभाषा के रूप में हिंदी को अपनाना सब के लिए अत्यंत जरूरी है, हमारी राजभाषा हिन्दी एकता एवं अखंडता की कड़ी है, जो संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है। उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में लगभग सभी कार्ययोजना हिंदी में उपलब्ध होने के कारण इसकी व्यापकता ग्रामीण स्तर तक पहुंच चुकी है। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता जिला लोक संपर्क अधिकारी विनय शर्मा ने कहा कि हिंदी एक विश्व भाषा के रूप में उभरी है। हिंदी भाषी लोगों की वैश्विक उपयोगिता बढ़ चुकी है एवं विदेशों में भी रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। विश्व में हिंदी के प्रति बढ़ती रूचि के कारण विश्व के अधिकांश विकसित राष्ट्र भारतीय भाषा के अध्ययन के प्रति आकृष्ट हुए हैं। दुनिया के लगभग 50 से भी ज्यादा देशों में हिंदी भाषा के पठन-पाठन की सुविधा उपलब्ध है।

सूचना क्रांति के कारण हिंदी भाषा का काफी विस्तार हुआ है। शिक्षा, रोजगार, साहित्य, पर्यटन एवं तकनीकी के क्षेत्र में हम आत्मनिर्भर हो रहे हैं एवं आर्थिक दृष्टिकोण से हिंदी भाषा के प्रभाव के कारण विदेशों के साथ व्यापारिक रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। भारत को ग्लोबल बाजार बनाने की भूमिका में हिंदी की सक्रिय भागीदारी है।

विनय शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिवेश में हिंदी राजनीतिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ हो चुकी है। विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में हिंदी का अध्ययन एवं अध्यापन का कार्य चल रहा है। संचार के इस युग में हिंदी को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल चुकी है। हिंदी भाषा के व्यापक प्रसार के कारण विश्व की अनेक वेबसाइट हिंदी अपना चुकी है। ई-मेल, ई-कॉमर्स, इंटरनेट एवं वेब जगत मे भी हिंदी की उपलब्धता है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, आईबीएम तथा ओरेकल जैसे कंपनियां भी हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार हिंदी सामग्री की खपत करीब 94 प्रतिशत तक बढ़ी है।

# हिमाचल के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दे राज्य सरकार : शान्ता



**शिमला। एजेंसी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन अब पूरे जोर पर है और विशेष रूप से शिमला में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। शिमला में एक लाख से अधिक गाड़ियां पहुंच चुकी हैं और होटलों में जगह नहीं मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ पर्यटक भयंकर सर्दी में बाहर सोने को मजबूर हो गए हैं। शान्ता कुमार ने सोमवार को एक बयान में कहा कि हिमाचल केवल शिमला और मनाली तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य में कई अन्य खूबसूरत पर्यटन स्थल हैं जिनके बारे में पर्यटकों को जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इन अन्य आकर्षक स्थानों को बढ़ावा दे और पर्यटकों को वहां यात्रा के लिए प्रेरित करे। उन्होंने एक पुरानी याद साझा करते हुए कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे, तब वह कुल्लू से उन्हें लेकर जा रहे थे। रास्ते में धौलाधार की बर्फ से ढकी हुई पर्वत श्रृंखला को देखकर अटल जी बहुत प्रभावित हुए थे। अटल ने कहा था, मैं विदेश मंत्री हूं और पूरी दुनिया घूम चुका हूं, लेकिन बर्फ से ढकी धौलाधार का ऐसा दृश्य विश्व में बहुत कम जगहों पर देखने को मिलता है। शान्ता कुमार ने पालमपुर के स्वास्थ्य केंद्र की भी सराहना की,ल जो अब केवल भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों से भी हजारों पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने बताया कि कई लोग स्वास्थ्य लाभ लेने के साथ-साथ बर्फ से ढकी धौलाधार को देखने के लिए भी यहां आते हैं।

## केले की खेती से बढ़ेगी यूपी के किसानों की कमाई

# केले की खेती और निर्यात से प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार

**लखनऊ। एजेंसी**



केले की खेती और निर्यात से उत्तर प्रदेश के किसानों की कमाई बढ़ेगी। केले की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने उसे कुशीनगर का वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट भी घोषित कर रखा है। योगी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल के दौरान यूपी की कनेक्टिविटी एक्सप्रेसवे, एयरवेज और रेल सेवाओं के जरिये वैश्विक स्तर की हो गई है। इसे लगातार और बेहतर बनाया जा रहा है। ऐसे में लैंड लॉक्ड होना यूपी की प्रगति के लिए कोई खास मायने नहीं रखता। लिहाजा केंद्र की पहल का सर्वाधिक लाभ भी यूपी के किसानों को होगा।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि योगी सरकार पहले से ही केले की खेती को प्रोत्साहन दे रही है। सरकार प्रति हेक्टेयर केले की खेती पर करीब 38 हजार रुपये का अनुदान दे रही है। जगह-जगह केले को प्रसंस्कृत कर उसके फल, रेशे एवं तने के जूस से अन्य उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग भी योगी सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही है। केले को प्रसंस्कृत कर अन्य उत्पाद बनाने वाले किसानों को एक्सपोजर दिया जा रहा है। नोएडा में कुछ माह पूर्व आयोजित ट्रेड शो में कुशीनगर के भी कुछ किसान गए थे। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार दस साल में केले का निर्यात करीब दस गुना बढ़ा है।

### यूपी के प्रमुख केला उत्पादक जिले

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में शामिल कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, अमेठी और बाराबंकी जैसे कई जिलों में केले की खेती की जा रही है। पिछले डेढ़ दशक से केले के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। साथ ही बेहतर प्रजातियों और खेती के उन्नत तौर तरीकों से उपज और गुणवत्ता भी सुधरी है। इससे यूपी के केले की देश के महानगरों सहित नेपाल, बिहार, पंजाब, दिल्ली, जम्मू आदि में भी यहां के केले की खासी मांग है।

# शिविर में देश-विदेश से आए संतों व भक्तों की सेवा की जाएगी : नारायण

**महाकुंभ नगर। एजेंसी**



प्रयागराज महाकुंभ में देश-विदेश से संतों व भक्तों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। इन संतों व भक्तों की सेवा के लिए गाजियाबाद के विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर की ओर से 5 जनवरी से शिविर शुरू होगी। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के पावन सानिध्य में यह शिविर लगाया जायेगा।

मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि दूधेश्वर नाथ महादेव महाकुंभ शिविर 5 जनवरी से सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में शुरू होगा और 5 फरवरी तक चलेगा। शिविर में संतों व भक्तों के लिए भोजन प्रसादम, चिकित्सा आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रोजाना भंडारे का आयोजन कर हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा।

महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर धर्म, आध्यात्म, भारतीय संस्कृति की अखंड ज्योति जलाने के साथ समाज सेवा के कार्यो में भी हमेशा आगे रहता है।

मंदिर में जरूरतमदों के लिए भंडारे के साथ ही गरम कपड़ों आदि का वितरण किया जाता है और चिकित्सा कैंम्प लगाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए भी मंदिर लगातार अभियान चलाता रहता है।

### होटल संचालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एक होटल संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सेक्टर-37 में स्थित उसके होटल में ही फंदे से लटकता शव मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में जानकारी देते हुए थाना सराय के एसएचओ राकेश कुमार ने सोमवार को बताया कि मृतक आनंद पुत्र हरीराम उम्र लगभग 34 साल जो कि सेक्टर 37 में ब्लू स्टोन के नाम से होटल चला रहा था। उसने अपने ही होटल के एक कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मृतक के कर्मचारियों ने ही फोन करके पुलिस को दी थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल हॉस्पिटल में मॉच्युर्री हाउस में रखवा दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक पर्वतीय कॉलोनी स्थित अटल चौक का रहने वाला था। फिलहाल मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

# तालिबान का ताजा फरमान, महिलाओं के बाहर झांकने पर भी पाबंदी

**काबुल। एजेंसी**



अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं के खिलाफ ताजा फरमान जारी किया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर पाबंदी लगा दी है, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना है। इस फरमान के पीछे अश्लीलता रोकने का तर्क दिया गया है।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए जिनसे आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं और आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों को देखा जा सके। महिलाओं को रसोई, आंगन या कुओं से पानी भरते हुए देखना अश्लीलता को जन्म दे सकता है। अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वो नई बन रही इमारतों पर भी नजर रखें। अगर किसी इमारत में ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं तो मकान मलिकों को इन खिड़कियों के सामने ईंटों की दीवार बनाने के लिए कहा जाएगा। महिलाओं के ताजा आदेश से पहले भी तालिबान सरकार कई ऐसे आदेश जारी कर चुकी है जिसमें देश में महिलाओं के लिए जीवन यापन काफी मुश्किलों भरा साबित हुआ है।15 अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से लड़कियों और महिलाओं की प्राथमिक सहित किसी भी प्रकार की शिक्षा और किसी भी प्रकार के खेल में उनके हिस्सा लेने पर पाबंदी लगा दी गई।

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टर का सौ साल की उम्र में रविवार को निधन हो गया। वे अमेरिका के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले राष्ट्रपति रहे। जिमी कार्टर गरीबों व वंचितों की सेवा और उनके अधिकारों की वकालत करने वाले मानवतावादी नेता के रूप में जाने जाते थे। जिमी कार्टर के निधन पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, ह्यआज अमेरिका और दुनिया ने असाधारण राजनेता और मानवतावादी खो दिया। जिमी कार्टर का जन्म 1 अक्तूबर 1924 को हुआ। उन्होंने 1977 से 1981 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल पूरा किया। 100 साल की उम्र तक पहुंचने वाले एकमात्र पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति थे। 1978 में उन्होंने ऐतिहासिक कैंप डेविड समझौते की मध्यस्थता की जिससे मध्य पूर्व में शांति की रूपरेखा तैयार हुई। उनके इस योगदान के कारण ही उन्हें 2002 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# दीवारों पर पेंटिंग से दिखाएंगे ऐतिहासिक धरोहर की तस्वीर: गौरव

- पुराने विज्ञापनों और प्रचार सामग्री को हटाने का भी काम तेजी से चल रहा है

**पलवल। एजेंसी**




पलवल नगर परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से सौंदर्यकरण का कार्य शुरू कर दिया है। हरियाणा सरकार में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम की माने तो उनका मुख्य उद्देश्य पलवल शहर को साफ और स्वच्छ बनाना है जिसका कार्य तेजी से चल रहा है और उनके द्वारा पलवल शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत शहर के अंडरपास और चौक चौराहा को ऐतिहासिक धरोहरों और महान व्यक्तियों के चित्रों से सजाया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य न केवल पलवल की सुंदरता बढ़ाना है, बल्कि इसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पहचान दिलाना भी है। मंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को बताया कि अभियान की शुरूआत आगरा चौक के पास दीवारों पर दिल्ली के प्रसिद्ध लाल किले की सुंदर चित्रकारी से हुई है। दीवारों को पहले साफ किया जा रहा है और गंदी दीवारों पर पेंट किया जा रहा है। इसके बाद भव्य चित्रकारी का काम किया जा रहा है। शहर के अंडरपास पर लगे पुराने विज्ञापनों और प्रचार सामग्री को हटाने का भी काम तेजी से चल रहा है।

नगर परिषद के कर्मचारियों ने दीवारों को साफ करना शुरू कर दिया है और दीवारों पर गंदगी को हटाने के बाद उन्हें पेट कर चमकता जा रहा है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख स्थानों पर ऐतिहासिक धरोहरों जैसे लाल किला, गेटवे ऑफ इंडिया, अन्य प्रसिद्ध इमारतें और महान व्यक्तियों के चित्र भी बनाए जाएंगे। यह पहल केवल हमारी पीढ़ी के लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणादायक है। इस पहल से शहर की सुंदरता बढ़ेगी।

**सोमवती अमावस्या** पूजन-दान कर किया पुण्य अर्जित, कड़ाके की ठंड भी नहीं रोक सकी आस्थावानों के कदम

# हर की पैड़ी पर गंगा स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

- श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया
- दान आदि कर्म कर पुण्य लाभ अर्जित किया



**हरिद्वार। एजेंसी**

सोमवती अमावस्या पर्व को लेकर हरिद्वार में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। देर रात से ही हर की पैड़ी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। देश के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही हर की पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित करना शुरू दिया था। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया और दान आदि कर्म कर पुण्य लाभ अर्जित किया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नारायणीशिला व कुशावर्त घाट पर अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण व पिण्डदान कर उनके मोक्ष की कामना की। अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ऐसी मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर गंगा में स्नान करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही नहीं सैकड़ों अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर पितरों के निमित्त पूजा करने से जीवन में सुख और शांति आती है। भीषण ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी।

सोमवती अमावस्या पर भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मेला क्षेत्र को 14 जोन और 39 सेक्टरों में बांट कर अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को तैनात किया। इसके साथ ही यातायात प्लान भी लागू किया गया। इस बाबत नारायणीशिला के पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि वैसे तो सभी अमावस्या पर गंगा स्नान का महत्व है। मगर सोमयुता अर्थात सोमवती अथवा भोमयुता अर्थात भौमवती अमावस्या विशेष पुण्यदायी होती है। इसके पुण्य का इसी बात से पता लगा सकते हैं कि इस सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में स्वयं भीष्म पितामह ने अपनी शरशैया पर पड़े रहते हुए इंतजार किया था। सोमवती अमावस्या के आने का सोमयुता अर्थात अक्षुण्य कर देने वाली अमावस्या आज के दिन है। मात्र जल स्नान करना व्यक्ति को अश्वमेघ यज्ञ के समान फल दे देता है। बताया कि आज के दिन अपने पितरों के प्रति तर्पण, श्राद्ध आदि करना, पीपल के वृक्ष की पूजा करना श्रेष्ठ बताया गया है। इस दिन गंगा आदि पवित्र नदियों में स्नान करने से व्यक्ति के कल्पकल्पान्तर तक के पाप नष्ट हो जाते हैं और व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। आज के दिन किया गया दान भी अक्षय फलदायी होता है। समाचार लिखे जाने तक स्नान का सिलसिला जारी था। उल्लेखनीय है कि यूं तो सभी अमावस्या का महत्व होता है, मगर सोमवती अमावस्या सनातन धर्म में अत्यधिक पुण्यदायी मानी जाती है।

इस दिन गंगा स्नान और पितरों के निमित्त श्राद्ध तर्पण करने का विशेष महत्व शास्त्रों में बताया गया है।

# देश और छत्तीसगढ़ के लिए साल 2024 उपलब्धियों भरा रहा है : अरुण

**रायपुर। एजेंसी**



उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर आवास में आज सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, देश और छत्तीसगढ़ के लिए साल 2024 उपलब्धियों भरा रहा है। इस साल एक तरफ जहां विकसित भारत के निर्माण की नींव रखी है। वहीं विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ पृष्ठभूमि तैयार की है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने, प्रधानमंत्री मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम किया है। वहीं छत्तीसगढ़ में जो विकास का पहिया थम गया था, और उस विकास के पहिए को ट्रैक पर लाकर आगे बढ़ाने का काम हुआ है। इससे प्रदेश में उत्साह और उमंग का माहौल है। हमारी सरकार विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेगी।प्रदेशवासियों को आने वाले नए वर्ष की बधाई देता हूं। बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर कांग्रेस उत्साहित है।

## संक्षिप्त खबरें

### टाइगर क्लब ने छठी नेशनल हॉकी प्रीमियर लीग 2024 में जीता मास्टर्स वर्ग का खिताब



**नई दिल्ली।** टाइगर क्लब ने सोमवार को छठी नेशनल हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के मास्टर्स पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया है। टाइगर क्लब ने फाइनल में होशियारपुर क्लब को 2- 1 से हराकर मास्टर्स ग्रुप का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला मास्टर्स महिला ग्रुप के फाइनल में श्री द्वारका बाल बालिका विद्यालय को 1-0 हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, अंडर 21 बॉयज ग्रुप का खिताब घुम्मनहेड़ा राइजर ने जीता। घुम्मनहेड़ा ने फाइनल में श्याम लाल कॉलेज को 3-2 से हरा कर खिताब अपने नाम किया।

### पांच जनवरी से शुरू होगी प्रदेश स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन ग्रीनपार्क स्टेडियम कानपुर में पांच जनवरी से शुरू होगा। 12 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तरीय टीमों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। हर जिले और मंडल स्तर पर टीमें बनायी जा रही हैं।लखनऊ में जिला स्तर पर टीम का चयन मंगलवार को चौक स्टेडियम में होगा। इसके लिए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि मंगवार अपराह्न तीन बजे से शुरू हो रही चयन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र साथ में लेकर आना अनिवार्य है। बिना आयु प्रमाण पत्र के किसी भी खिलाड़ी को चयन में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। जिला स्तर की प्रतियोगिता में चयन होने के बाद एक जनवरी को अपराह्न तीन बजे चौक स्टेडियम में ही मंडल स्तरीय टीम का चयन होगा। मंडल स्तरीय टीम कानपुर में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

### चौथी बार एटलेटिको मिनेरो के मुख्य कोच बने अनुभवी मैनेजर कूका

**रियो डी जेनेरियो।** अनुभवी मैनेजर कूका को चौथी बार एटलेटिको मिनेरो का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, ब्राजील के सेरी ए क्लब ने रविवार को यह जानकारी दी। 61 वर्षीय खिलाड़ी अर्जेंटीना के गेब्रियल मिलिटो की जगह लेंगे, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में आपसी सहमति से क्लब से नाता तोड़ लिया था। एटलेटिको ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, ₹ब्राजील के शीर्ष स्तर पर एटलेटिको मिनेरो के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले मैनेजर और हमारे सबसे बड़े विजेता की वापसी हुई है। कूका, जिनका असली नाम एलेक्सी स्टिवल है, ने दिसंबर 2026 तक चलने वाले एक सौदे पर सहमति जताई। उनके साथ सहायक कुक्विन्हा और डैनियल सेकेर्रा भी शामिल होंगे। कूका ने 2011 से 2013 तक और 2021 और 2022 में अलग-अलग अवधियों के दौरान क्लब का प्रबंधन भी किया। बेलो होरिजोंटे क्लब के साथ उनकी ट्रॉफियों की सूची में 2013 कोपा लिबटाडोरेस और 2021 ब्राजीलियाई सीरी ए खिताब शामिल हैं।

### सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर ट्रॉफी : हिमाचल की यमुना राणा का ई टीम में चयन

**धर्मशाला।** बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए हिमाचल की यमुना राणा का चयन हुआ है। यमुना राणा ई टीम का हिस्सा बनी है। यमुना हिमाचल से एकमात्र क्रिकेटर है जिनका चयन इस बार इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उधर उनके चयन पर एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि 5 जनवरी से शुरू हो रही बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर्स ट्रॉफी की टीम के लिए यमुना राणा का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि एचपीसीए के लिए बड़े गर्व की बात है कि हिमाचल की यह क्रिकेटर सीनियर वूमेन क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने वाली है। उन्होंने एचपीसीए की ओर से बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर्स ट्रॉफी 5 जनवरी से 15 जनवरी तक चेन्नई में खेली जानी है। प्रतियोगिता के लिए पांच अलग अलग टीमें बनाई गई है। जिनके आपस में लीग मैच होने हैं। 15 जनवरी को फाइनल मैच होगा।

# नार्थ ईस्ट रेलवे को हराकर दिल्ली चैलेंजर्स ने जीता ट्राफी

**दिल्ली चैलेंजर्स की टीम ने 162 रनों से जीतकर ट्राफी पर कब्जा किया**



लखनऊ। एजेंसी

19वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दिल्ली चैलेंजर्स दिल्ली की टीम ने एनई रेलवे को 162 रनों से जीतकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। दिल्ली के खिलाड़ी कैफ अहमद को मैन ऑफ द मैच घोषित किया। वहीं पूरे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एनई रेलवे के खिलाड़ी राजनायक को मैन आफ द सीरीज चुना गया।

सोमवार को हुए फाइनल मुकाबले में दिल्ली के कप्तान अंकित त्रिपाठी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए उनकी टीम ने 29वें ओवर में एक गेंद शेष रहते सभी विकेट खोकर 263 रनों का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की शुरूआत काफी आक्रामक रही और तीसरे ओवर में बिना नुकसान के 50 रनों का स्कोर पार कर लिया था।

दिल्ली के तरफ से खेलते हुए कैफ अहमद 45 गेंदों पर पांच छक्के, चार चौकों के मदद 64 रन, कप्तान अंकित त्रिपाठी ने 15 गेंदों पर पांच छक्के तीन चौकी के मदद से 45 रन, गौरव तोमर 18 गेंद चार छक्के चार चौकों के मदद से 42 रन, शिवम शर्मा ने 33 गेंदों पर दो छक्के, तीन चौकों के मदद से 33 रन, आईपीएल खिलाड़ी अनुरीत सिंह ने 26 तथा पंकज जायसवाल ने 18 रनों का योगदान दिया। एनई रेलवे के तरफ से गेंदबाजी करते हुए राजनायक छः ओवर में 45 रन खर्च करते हुए पांच विकेट, शिवम दीक्षित दो विकेट, शमशुल हक, त्रिशाल द्विवेदी तथा प्रशान्त अवस्थी को एक- एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे की टीम का शुरूआत काफी खराब रहा और उसके खिलाड़ी थोड़े थोड़े अन्तराल पर पवेलियन लौटते गए और 22 ओवर के अन्तिम गेंद पर सभी विकेट गंवाकर मात्र 161 रन ही बना सकी।

प्रशान्त अवस्थी ने 56 गेंदों पर चार छक्के चार चौकों के मदद से 60 रन , कीर्ति वर्धन 16 गेदों पर पांच छक्के के मदद 32 रन, अंकित यादव 22 तथा अक्स वर्मा 17 रनों का योगदान दिया। रेलवे के तीन खिलाड़ी शून्य पर पवेलियन लौट गए थे जबकि चार खिलाड़ी दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। दिल्ली के तरफ से गेंदबाजी करते हुए मोहमद आसिफ मंसूरी ने छः ओवरों में 24 रन देकर चार विकेट, मोनू शुक्ला ने चार ओवर में 17 रन खर्च करते हुए तीन विकेट, अनुरीत सिंह दो तथा पंकज जायसवाल ने एक विकेट लिया।

## ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट मैच में भारत को 184 रन से हराया



मेलबर्न। एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को यहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में 184 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। पांचवें दिन 340 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम मात्र 155 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से केवल यशस्वी जयसवाल ने ही कुछ संघर्ष किया।

उन्होंने 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत ने 30 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को छू नहीं सका। 340 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी और रोहित शर्मा ने सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 25 रन जोड़े। हालांकि इसी स्कोर पर पैट कमिंस ने एक ही ओवर में रोहित शर्मा और केएल राहुल को आउट कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और 5 रन बनाकर 33 के कुल स्कोर पर मिचेल स्टॉर्क का शिकार बने।

यहां से यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत ने चौथे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर भारत को मैच में लाने की कोशिश की, लेकिन लंच के बाद 121 के कुल स्कोर पर पंत एक बार फिर ट्रैविस हेड की गेंद पर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर चलते बने।

### हेमंत तिवारी ने की धुआंधार बल्लेबाजी, डिवाइन ने के.डी. सिंह स्पोर्ट्स कालेज को हराया



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिवीजन में डिवाइन क्रिकेट क्लब ने केडी सिंह बाबू स्पोर्ट्स कालेज को छह विकेट से हरा दिया। इस मैच में डिवाइन के बल्लेबाज हेमंत तिवारी ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 70 बाल पर 80 रन बनाये। के.डी सिंह की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 165 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज मो. आयन ने 14 रन का योगदान दिया। वहीं रजत तिवारी ने अपनी टीम में सर्वाधिक 44 रन बनाये। वशीम अहमद ने 32 रन का योगदान दिया, जबकि आशीष कुमार यादव ने 17 रन बनाये। वहीं डिवाइन की टीम ने मात्र चार विकेट गवांकर 166 रन बना लिये और मैच को छह विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज रितेश उपाध्याय ने 20 रन का योगदान दिया। वहीं हेमंत तिवारी ने 12 चौका और तीन छक्का की मदद से अपनी टीम में सर्वाधिक 70 बाल पर 80 रन बनाये। अंशुमान उपाध्याय ने 28 रन का योगदान दिया।

## नवदीप ने की कबड्डी पर पीकेएल के प्रभाव की सराहना



पुणे। एजेंसी

पैरालंपिक भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह ने खेल पर प्रो कबड्डी लीग के परिवर्तनकारी प्रभाव की प्रशंसा की है, और बताया है कि कैसे पेशेवर लीग ने पारंपरिक कबड्डी में क्रांति ला दी है। सिंह ने महत्वपूर्ण पीकेएल 11 फाइनल से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा पीकेएल के प्रवेश के बाद से, खेल का स्तर काफी बढ़ गया है। खेल विज्ञान ने भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मेरा मानना है कि पीकेएल खेल के विकास में लगभग 19% योगदान देता है।

अपने स्कूल के दिनों में डिफेंडर के रूप में खेलने वाले सिंह ने खेल की गहन शारीरिक मांगों के बारे में बात की।

आधुनिक खेल में उचित फिटनेस और कंडीशनिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया, कबड्डी में चोट लगने का खतरा अधिक होता है क्योंकि जब एक रेडर अंदर जाता है, तो तीन या चार खिलाड़ी एक साथ बल लगा सकते हैं। पैरालंपिक चैंपियन ने हरियाणा में कबड्डी की गहरी जड़ों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि राज्य में ऐसा एथलीट मिलना दुर्लभ होगा जिसने अपने जीवन में कम से कम एक बार भी कबड्डी नहीं खेली हो। हरियाणा की खेल संस्कृति से यह संबंध मजबूत बना हुआ है, सिंह ने स्वीकार किया कि वह सभी टीमों की सराहना करते हैं, लेकिन वह हरियाणा के लिए अतिरिक्त समर्थन भी रखते हैं।

उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कैसे लीग ने उस खेल को एक पेशेवर तमाशे में बदलने में मदद की है जो कभी मुख्य रूप से एक ग्रामीण खेल था।

## संतोष ट्रॉफी : खिताबी मुकाबले में केरल का सामना पुराने प्रतिद्वंद्वी प. बंगाल से



हैदराबाद। एजेंसी

केरल ने रविवार को गाचीबोवली स्टेडियम में मणिपुर को 5-1 से हराकर 16वीं बार संतोष ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया, जहां खिताबी मुकाबले में उनका सामना पुराने प्रतिद्वंद्वी पश्चिम बंगाल से होगा। मुहम्मद रोशल पीपी की हैट्रिक ने केरल की टीम के शानदार प्रदेर्शन को और भी बेहतर बना दिया, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दिन के पहले सेमीफाइनल में, पश्चिम बंगाल ने गत विजेता सर्विसेज को 4-2 से हराकर 47वीं बार फाइनल में प्रवेश किया। पहले हाफ में केरल ने पहले हमला किया, उनके शानदार मिडफील्ड खेल ने 22वें मिनट में फायदा पहुंचाया। लगातार खेल को बदलने वाले कुछ पास के बाद, और मणिपुर के मिडफील्ड को आकार से बाहर खींचने के बाद, मोहम्मद रियास ने मोहम्मद अजसल की ओर गैप में एक थ्रू बॉल खेला। फॉरवर्ड ने गेंद को आगे जाने दिया, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि उनके सहायक फॉरवर्ड नसीब रहमान आगे की ओर दौड़ेंगे। रहमान ने 25 गज की दूरी पर गेंद उठाई, बॉक्स में घुसे, गोलकीपर को चकमा दिया और गोल कर केरल को 1-0 से आगे कर दिया। मणिपुर को टूर्नामेंट में पहले भी पिछड़ना पड़ा था और वापसी करना उनके लिए कोई नई बात नहीं थी। और ऐसा ही हुआ। 30वें मिनट में शुंजंतन रागुई ने पेनल्टी को गोल में बदलकर मणिपुर को 1-1 की बराबरी दिला दी। खेल की उथल-पुथल भरी गति हाफ टाइम के अंतिम चरण में भी जारी रही। पहले हाफ के इंजरी टाइम में मुहम्मद अजसल ने बेहतरीन गोल कर केरल को 2-1 से आगे कर दिया।

## मुम्बई सिटी की डिफेंस और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के हमलों के बीच होगा मुकाबला



मुम्बई। एजेंसी

मुम्बई सिटी एफसी (आइलैंडर्स) की टीम सोमवार को मुम्बई फुटबॉल एरिना में शाम को खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (हाईलैंडर्स) की मेजबानी करेगी। मुम्बई 12 मैचों में पांच जीत, पांच ड्रा और दो हार से 20 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है, जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड 12 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और चार हार से 18 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है।

आइलैंडर्स अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीतने के बाद इस मुकाबले में उतरेंगे, जबकि हाईलैंडर्स ने इसी अवधि में दो मैच जीते हैं और दो हारे हैं। इस सीजन में हाईलैंडर्स ने 26 गोल किए हैं, जो मैरिनर्स के बराबर हैं और बेंगलुरू एफसी (27 गोल) से पीछे हैं। मुम्बई सिटी (15) ने चौथा सबसे कम बार गोल किए हैं। आइलैंडर्स ने मजबूत डिफेंस दिखाते हुए पांच क्लीन शीट रखी हैं और अब तक 13 गोल खाए हैं, जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने दो क्लीन शीट के साथ 20 गोल खाए हैं। आइलैंडर्स ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड (19 जनवरी, 2023 को 4-0 और 12 मार्च, 2024 को 4-1) के खिलाफ अपने पिछले दो घरेलू मैचों में से चार-चार गोल किए हैं।

आइलैंडर्स ने अपने पिछले चार आईएसएल मैचों में क्लीन शीट रखी है, जिनमें से तीन में जीती है।

## व्यापार

### वित्त मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ की बजट पूर्व पांचवीं बैठक

नई दिल्ली। एजेंसी



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ पांचवीं बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में यह बैठक आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के हिस्से के रूप में आयोजित की गई, जिसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री को कई सुझाव दिए। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री सीतामरण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ पांचवीं बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए वित्त मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। इन सुझावों से आगामी केंद्रीय बजट में प्रमुख आर्थिक प्राथमिकताओं और क्षेत्रीय चुनौतियों को सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में वित्त सचिव और, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने बैठक के दौरान अर्थव्यवस्था पर अपने विचार रखे। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री सीतारमण आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंदीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश करेंगी।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत,

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार के बाद बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी कमजोरी के साथ कारोबार करता दिख रहा है। यूरोपियन बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे थे। एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,970.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डेक ने 302.27 अंक यानी 1.51 प्रतिशत टूट कर 19,718.09 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 109.24 अंक यानी 0.25 प्रतिशत फिसल कर 42,882.97 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा।

### शुरुआती मजबूती के बाद शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 1,015 अंक तक लुढ़का

नई दिल्ली। एजेंसी



घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के पहले दिन ही गिरावट का शिकार हो गया। कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार मजबूती बनाने में सफल रहा लेकिन दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गए। बिकवाली के दबाव के कारण आज सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,015 अंक तक लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी भी ऊपरी स्तर से 316 अंक तक टूटा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.57 प्रतिशत और निफ्टी 0.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट में आईटी, टेक, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। दूसरी ओर पीएसई, ऑटोमोबाइल, रियल्टी, मेटल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल और कैपिटल गुड्स इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया।

### सर्राफा बाजार में सांकेतिक गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सांकेतिक गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,980 रुपये से लेकर 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,490 रुपये से लेकर 71,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में 300 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी आई है। इस कमजोरी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### अजय पॉली लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी किया दाखिल

नई दिल्ली। एजेंसी




दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी अजय पॉली लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक अजय पॉली लिमिटेड का 1 रुपये अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 238 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और प्रमोटर और निवेशक विक्रय शेयरधारकों द्वारा 93,00,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। ओएफएस में बीना जैन, राजीव जैन और नितिन जैन क्रमशः 3.7 मिलियन, 2.8 मिलियन और 2.8 मिलियन इक्विटी शेयर बेचेंगे। दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कुछ उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान, नोएडा, करेगांव, शिरवाल, चेन्नई और कॉर्पोरेट कार्यालय में सुविधाओं में उपकरण और मशीनरी खरीदने के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्थित अजय पॉली लिमिटेड भारत में उपकरण उद्योग के लिए रेफ्रिजरेशन सीलिंग समाधान, प्रोफाइल एक्सट्रूजन और ग्लास उत्पादों के अग्रणी निमार्ताओं में से एक है, जो वित्त वर्ष 2024 में महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी रखता है, ये जानकारी डीआरएचपी में उल्लिखित एफएंडएस रिपोर्ट में दी गई है।

# किसानों की चेतावनी के बाद प्रशासन पहुंचा ग्राउंड पर: कंपनी प्रतिनिधियों के साथ राजस्व कर्मचारी ने देखी मौका स्थिति, मुआवजे की मांग कर रहे किसान

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** नवलगढ़ लोकेश कुमार सैनी। नवलगढ़ क्षेत्र में 765 डश ट्रांसमिशन लाइन के लिए काम कर रही कंपनी के खिलाफ किसान संघर्ष समिति द्वारा किए गए विरोध के बाद प्रशासन ने कंपनी प्रतिनिधियों के साथ राजस्व कर्मचारियों को नुकसान का आकलन करने के लिए भेजा। किसानों का आरोप है कि कंपनी के प्रतिनिधि बिना प्रशासनिक अनुमति के उनकी खेती और पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि बिना उचित मुआवजे के किसानों को कभी भी सहमति नहीं दी जाएगी। किसान संघर्ष समिति के सदस्य और स्थानीय निवासी, कपिल ऐचरा ने कहा कि प्रशासन को केवल नुकसान का आकलन करने के बजाय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनी द्वारा तय किया गया मुआवजा किसानों के नुकसान की भरपाई कर सकता है या नहीं।

इसी बीच, बास नानग क्षेत्र में भी कम्पनी के कर्मचारी किसानों के खेतों से अपना सामान वापस हटाने के काम में जुट गए हैं। यहां कंपनी के कर्मचारियों ने किसानों के खेतों से अस्थायी रूप से रखे गए सामान को एकत्र कर लिया है, हालांकि किसानों का कहना है कि इस कदम के बावजूद नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन और कंपनी को और ठोस कार्रवाई करनी होगी।

सोमवार को, प्रशासन की ओर से जेजूसर सर्किल के गिरदावर पंकज बलौदा, देरवाला पटवारी रोनक और कंपनी के प्रोजेक्ट सहायक मैनेजर संदीप शर्मा ने मिलकर किसानों के खेतों में फसलों और पेड़ों के नुकसान का आकलन करने के लिए मौके का दौरा किया। इस दौरान किसान संघर्ष समिति के सदस्य कपिल ऐचरा भी मौके पर पहुंचे और प्रशासन से मांग की कि यह आकलन केवल एक प्रारंभिक कदम है, और प्रशासन को इस बात को सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को उचित मुआवजा मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### गौशाला संचालकों ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। अनिल पुष्करणा/फलोदी ।** राजस्थान गोसेवा समिति फलोदी जिला इकाई के द्वारा जिला कलेक्टर फलोदी के माध्यम से राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों का ज्ञापन सोपा गया। समिति संरक्षक महंत आनंद प्रकाश ने बताया की गौ माता को राज्य माता घोषित करने, पंजीकृत गौशाला में सुरक्षित गोवंश को वर्ष पर्यंत अर्थात 12 माह की सहायता राशि प्रदान करवाने, प्रदेश में घोषित गोचर ,चारागाह ,वन, पहाड़ों की भूमियों को गोवंश के चरने,विचरने हेतु सुरक्षित रखने के लिए निश्चित कार्रवाई कीये जाने के संबंध में ज्ञापन सोपा गया। उन्होंने बताया कि गौशालाओं से संबंधित उपरोक्त मांगे न्यायोचित है, गोवंश के संरक्षण के लिए आवश्यक है। अतः उक्त मांगों पर तत्काल आदेश पारित करवा कर अनुग्रहित करवाया जाना चाहिए। यदि समय रहते ऐसे आदेश जारी नहीं होते हैं तो गौशाला संचालकों को मजबूरन संघर्ष की राह पर जाना पड़ सकता है।

इस अवसर पर समिति के जोधपुर विभाग सचिव रविंद्र कुमार जैन, विजय पालीवाल, रमनलाल बोहरा , चैनसुख व्यास, भागीरथ पुरोहित, रामसा थानवी ,राजेश धतरवाल ,हेतराम विश्नोई , विनोद सुथार, स्वामी सुंदरदास व हजारी विश्नोई उपस्थित रहे

### द सर्कल इंडियाः बेटियों ने दिए खेल के मैदान में अपने सपनों को पंख




**चमकता राजस्थान । अनिल पुष्करणा/फलोदी।** बाप ब्लॉक के धोलियाँ ग्राम पंचायत स्तर पर शीतकालीन अवकाश के दौरान द सर्कल इंडिया और आख्यान फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से एक अद्भुत पहल देखने को मिली, जहां गांव की लड़कियों ने पहली बार पंचायत स्तर पर टीम बनाकर लड़कों के साथ खेल के मैदान में उतरकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक साहसिक कदम था जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों के सशक्तिकरण की एक नई मिसाल पेश की। पंचायत प्रतिनिधियों और अभिभावकों की मौजूदगी में लड़कियों और लड़कों के बीच कड़ी टक्कर ने सभी को रोमांचित कर दिया, जबकि अभिभावकों ने गर्व और खुशी के साथ अपनी बेटियों का हौसला बढ़ाया।

आख्यान फाउंडेशन की सीईओ शालिनी सिंह ने कहा, ₹हमारे समाज में अक्सर लड़कियों को सुरक्षा के नाम पर उनके विकास के लिए जरूरी अवसरों से वंचित कर दिया जाता है। लेकिन ऐसे आयोजनों से उनका आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल न केवल बढ़ता है, बल्कि यह एक सामाजिक बदलाव की शुरुआत भी है।₹ पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पहल के लिए संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹आपने केवल एक सप्ताह में बच्चियों और उनके अभिभावकों में जो आत्मविश्वास जगाया है, हम उसे आगे लेकर जाएंगे और इसे स्थायी परिवर्तन में बदलने का प्रयास करेंगे

# निस्वार्थ भाव से सेवा करने में मिलती है सकारात्मक शक्ति : बीके इंदिरा दीदी

## ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग भवन में सेवाधारियों का सम्मान समारोह

चमकता राजस्थान




- **वही ब्रह्माकुमारी काजल दीदी ने राजयोग की गहन अनुभूति करवाई**

» कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संचिता दीदी,बीके शारदा दीदी, बीके गीता दीदी, बीके ओम प्रकाश भाई, बीके पुरुषोत्तम भाई सहित सेवा केंद्र से जुड़े भाई बहिन व आसपास के विशिष्ट नागरिक मौजूद रहे।

जयपुर। अजमेरे फॉइसागर रोड़ पर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन में सेवाधारियो का सम्मान समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कैंडल लाइट जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों ने परमात्मा के इस श्रेष्ठ कार्य में सहयोग करने वाले सेवाधारियों का सम्मान किया गया। वही केक काटकर नव वर्ष मनाया गया।

इस मौके पर स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी इंदिरा दीदी ने कहा की बहुत भाग्यशाली होते हैं वो लोग जिनको परमात्म कार्य में सहयोग करने का मौका मिलता है और जब सेवा में निस्वार्थ भाव आ जाता हे तो खुशी तो मिलती ही हैं साथ ही हमारे मन में एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है जिससे हमें हर कार्य में परमात्म मदद का अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुराने वर्ष की विदाई के साथ ऐसे संस्कारों को भी विदाई दे देना है जो स्वयं को व दूसरों को दुख देते हैं और नए वर्ष की शुभकामना देते हुए दीदी ने कहा कि नूतन वर्ष का प्रारंभ हम जीवन की उन्नति करने वाले श्रेष्ठ संकल्प से करें तथा हर एक को खुशियां बांटकर कर उमंग उत्साह बढ़ाना है।

## धौलपुर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा 'आरोग्य संस्कारशाला' का आयोजन

चमकता राजस्थान




धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर /बाड़ी दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ग्वालियर के द्वारा, जो एक आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था है, ने अपने सामाजिक प्रकल्प 'मंथन- संपूर्ण विकास केंद्र' के अंतर्गत सचिन पैलेस, संत नगर रोड, बाड़ी में ₹आरोग्य संस्कारशाला₹ का आयोजन किया। यह संस्कारशाला 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। संस्कारशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करना था। बच्चों को शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय रहने और पौष्टिक भोजन के महत्व के बारे में बताया गया। इसके साथ ही बच्चों को पौष्टिक चाट बनाना भी सिखाया गया।संस्कारशाला में मानसिक व्यायाम भी करवाए गए, जिससे बच्चों को यह समझने में मदद मिली कि हमारे ब्रेन के दाएं और बाएं हिस्से का क्या कार्य होता है और ये हमारे जीवन में कैसे महत्वपूर्ण हैं।

इस कार्यक्रम में 40 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और उनका उत्साह देखने लायक था। माता- पिता ने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के इस प्रयास की सराहना की और बच्चों के विकास में इस तरह की पहल को बेहद महत्वपूर्ण बताया।

## जिला स्तरीय अनुसूचित जाति प्रतिभा सम्मान समारोह स्थगित, अब 12 जनवरी 2025 को होगा आयोजन

**चमकता राजस्थान धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर जिला स्तरीय अनुसूचित जाति प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाली सभी प्रतिभाओं को सूचित किया जाता है। कि दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाला सम्मान समारोह अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह सम्मान समारोह अब आगामी 12 जनवरी 2025, दिन रविवार को उसी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। समारोह के स्थगित होने से सभी सम्मानित प्रतिभाओं और उनके परिवारों को होने वाली असुविधा के लिए समिति खेद प्रकट करती है। इस नए निर्धारित तिथि पर समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभाओं से अपील की जाती है, कि वे इस तिथि को ध्यान में रखते हुए समारोह में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।अध्यक्ष सामाजिक जाटव विकास समिति, सैंपऊ जिला धौलपुर,

## वार्ड नंबर18 के उपचुनाव में दिलीप गुर्जर कांग्रेस प्रत्याशी घोषित।

- **ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल ने रिटर्निंग ऑफिसर को सोंपा कांग्रेस टिकट।**



**चमकता राजस्थान। फुलेरा(दामोदर कुमावत)।** नगर पालिका वार्ड18 के उपचुनाव हेतु विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने दिलीप गुर्जर पुत्र बालचंद गुर्जर को इंडियन नेशनल कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल ने पार्टी टिकट प्रारूप रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत किया,इस मौके पर प्रत्याशी दिलीप गुर्जर के समर्थन में स्थानीय वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गौरतलब है कि उपचुनाव प्रत्याशी हेतु दिलीप गुर्जर का नाम तय करने से पूर्व, वार्ड के वरिष्ठ सदस्य ,पूर्व पालिकाअध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद दौलत चौधरी एवं पूर्व पार्षद अब्दुल लतीफ कुरैशी से विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से घोषित किया।

टिकट प्रस्तुत कियाः- सोमवार को प्रातः11:15 बजे वार्ड 18 उप चुनाव में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी दिलीप गुर्जर का टिकट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल के नेतृत्व में, पालिका अध्यक्ष प्रति निधि जितेंद्र अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अमरचंद सैनी, संगठन महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन जोया, ब्लॉक महामंत्री अलीमुद्दीन जोया , दुर्गा सिंह नरूका एवं वार्ड वासियों की मौजूदगी में नगर पालिका कार्यालय पर रिटर्निंग ऑफिसर सुमन चौधरी को पार्टी अधिकृत प्रत्याशी टिकट प्रस्तुत किया।

## आगरा मंडल ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रथम राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्निवल कैम्प में जीती चैंपियनशिप




**चमकता राजस्थान। आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मुख्यालय प्रयागराज द्वारा 24 से 28 दिसंबर 2024 तक आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्निवल कैम्प में आगरा मंडल ने चैंपियनशिप हासिल की। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में और जिला मुख्य आयुक्त सह अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा प्रणव कुमार के निर्देशन में आगरा मंडल के 24 स्काउट, गाइड, रोवर्स, रेंजर्स एवं लीडर्स ने प्रतिभाग किया। आगरा मंडल ने कुल 8 प्रतियोगिताओं में से 4 में प्रथम स्थान, 3 में द्वितीय स्थान और 1 में तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिससे उसने कुल मिलाकर प्रथम राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्निवल कैम्प में ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक, फिजिकल डिस्प्ले, कवाली, फूड प्लाजा, गाँव का मेला, रंगोली, कैंप क्राफ्ट, और लोक नृत्य शामिल थे। इस शिविर में स्काउट सेक्शन का नेतृत्व कन्हैया लाल झा (स्काउट मास्टर) ने किया, जबकि गाइड सेक्शन का नेतृत्व शबाना ने किया। शिविर में अन्य प्रमुख अधिकारी जैसे हेमेन्द्र कुमार मौर्य (जिला संगठन आयुक्त/स्काउट), अंकित सक्सेना (जिला प्रशिक्षण आयुक्त/स्काउट), तरून कुमार सौखिया (स्काउट मास्टर), और छाया (गाइडर) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सामाजिक संगठन रॉयल ग्रुप राजस्थान ने आयोजित किया दो दिवसीय कंबल वितरण कार्यक्रम

- **गरीब को गणेश मानकर सेवा करना ही टीम रॉयल ग्रुप प्राथमिकता : रविन्द्र सिंह चिंडालिया**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** देश एवं प्रदेश पड़ रही हाड़ कंपाने वाली सर्दी से आवशयकजनों, गरीबों को बचाने के लिए प्रदेश के अग्रणी समाजसेवी संगठन रॉयल ग्रुप राजस्थान द्वारा दो दिवसीय कंबल वितरण कार्यक्रम रखा गया इस अवसर पर रॉयल ग्रुप के संस्थापक रविन्द्र सिंह चिंडालिया एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह मंढा ने संयुक्त रूप से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रॉयल ग्रुप की तरफ से हर साल सर्दियों में नर सेवा ही नारायण सेवा को संकल्पित करते हुए कंबल वितरण किया जाता है इसके तहत रॉयल ग्रुप के द्वारा झारखंड मंदिर, रेलवे स्टेशन, अजमेर रोड, क्वींस रोड, खातीपुरा, झोटवाड़ा, विद्याधर नगर, सीकर रोड आदि क्षेत्रों में कंबल वितरण किया गया जिस प्रकार अभी ठंड का मौसम चल रहा है उसके तहत गरीब और असहाय लोगों को कंबले दी गई रॉयल ग्रुप काफी वर्षों से सर्व समाज के लिए सामाजिक कार्य करता आया है आगे भी यह कर्म जारी रहेगा।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर विशेष यातायात व्यवस्था एवं पुलिस के पुख्ता इंतजामात

चमकता राजस्थान

जैसलमेर।(सी आर देवपाल म्याजलार)।जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में जिले में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 दिसम्बर 2024 एवं नववर्ष 2025 के आगमन के दौरान जिले में देशी विदेशी पर्यटकों की भारी आवाजाही एवं जिले में नववर्ष 2025 आगमन के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के दौरान कानून एवं शांति एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के आदेषानुसार जिला में पुलिस द्वारा विषेष यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। जिले में इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी कैलाशदान जुगतावत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जैसलमेर को बनाया गया हैं जिनके निर्देशानुसार जिले के आला अधिकारी नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर जैसलमेर एवं जिले के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल सम सेण्ड ड्यून्स पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखेगे। शहर जैसलमेर एवं सम में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए करीबन 500 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का जाब्ता डिप्लॉय किया गया है। इसके साथ साथ थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर सम खुहडी एवं तनोट को नववर्ष की पूर्व संध्या पर पूर्ण चौकसी एवं सर्तकता से ड्यूटी इंतजाम देने के निर्देश दिये है। प्रभारी यातायात शाखा जैसलमेर को नववर्ष की पूर्व संध्या पर यातायात व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने हेतु निर्देषित किया गया है।

इसके अलावा शहर में नाका पोईट/फिक्स पिकेट बनाये जाकर जाब्ता तैनात किया गया है। तथा शहर से लेकर सम तक कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 06 पुलिस मोबाईल पार्टियॉ एवं शहर में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्गो पर नाकाबंदी की व्यवस्था की गई हैं। नाकों पर मोबाईल इन्टरसेप्टर वाहन मय ब्रैथएनालाईजर टीमें तैनात की गई हैं। जिला विशेष टीम को नववर्ष की पूर्व संध्या पर कस्बा जैसलमेर एवं सम में विशेष आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

- **विषेष यातायात व्यवस्थाः-**

नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर जैसलमेर एवं सम में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस द्वारा विषेष इंतजाम किये गये है।

- **01. ( जैसलमेर शहर से सम )**

दिनांक 31.12.2024 को शहर जैसलमेर से सम जाने का मार्ग जाने के लिए पूर्णतया खुला रहेगा तथा पर्यटक जैसलमेर से सम आराम से जा सकेंगे।

- **02. (सम से जैसलमेर शहर वन वे )**

दिनांक 31.12.2024 को वक्त 08 पीएम से 01 एएम तक सम से शहर जैसलमेर आने का मार्ग आवागमन के लिए पूर्णतया बंद रहेगा तथा पर्यटक सम से शहर जैसलमेर निम्न वैकल्पिक मार्ग से आ सकेंगे।

**वैकल्पिक मार्गः-** पर्यटको को किसी प्रकार की परेषानी ना हो इसके लिए वेकल्पिक मार्ग सम से जैसलमेर आने के लिए सम से दामोदरा फांटा से छत्रैल लौद्रवा चूंधी अमरसागर फांटा से होते हुए जैसलमेर शहर आ सकेंगे।

**जिला पुलिस की अपीलः-** जिला पुलिस की समस्त पर्यटको से अपील है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलावें, घूमावदार सड़के है अपने वाहन को धीरे चलाये ओवरटेक नहीं करें यातायात नियमों का पालन करें वाहन की गति सीमा का पालन करें अन्यथा जिला पुलिस द्वारा आपके खिलाफ यातायात नियमों के तहत सख्त कार्यवाही की जावेगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929